6वीं वार्षिक रिपोर्ट

2020-21

इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड

विजन एवं मिशन

विजन

मध्यप्रदेश राज्य में किमी 236.000 से किमी 332.100 तक राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के शिवपुरी - गुना खंड को चार लेन का बनाने की राजमार्ग परियोजना के विकास के लिए कंपनी की स्थापना और संचालन तथा सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करके राजमार्ग प्रयोक्ताओं की सुरक्षा व आराम को सुनिश्चित करना।

मिशन

(i) स्थल नियोजन, परियोजना गतिविधियों के अनुसूचन, भूमि के समतलीकरण व सतहीकरण तथा निर्माण की गुणवत्ता को मापने के लिए प्रणालियों के संस्थापन द्वारा निर्माण कार्य करना।

(ii) परियोजना के कुशल नियोजना और सतर्क मॉनीटरिंग का कड़ाई से अनुपालन करके निर्माण और अनुरक्षण की लागत को मितव्ययी बनाने के लिए सृजनात्मक निर्माण तकनीकों का प्रयोग।

(iii) टोल दरों पर नियंत्रण रखकर रियायत की समयावधि के दौरान राजमार्ग के संवर्धित प्रयोग को सुनिश्चित करना, जिससे सड़क पर अधिक से अधिक कारों तथा वाणिज्यिक वाहनों का आवागमन संभव हो सके तथा प्रभावपूर्ण यातायात सैंपलिंग के आधार पर टोल दरों को संशोधित करना।

(iv) अपेक्षित क्षेत्रों में लागत तथा चैनलिंग संसाधनों में कमी करना।

विषय सूची

विवरण	**पृष्ठ सं**
कंपनी का परिचय	04
अध्यक्ष का संबोधन	07
निदेशक की रिपोट व उसके अनुबंध	
निदेशकों की रिपोर्ट	11
सी.ई.ओ और सी.एफ.ओ प्रमाणन	30
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	32
एमजीटी-9 में वार्षिक रिटर्न का सार	37
फॉर्म एओसी-2 में संबंधित पक्षों के साथ संविदाओं या व्यवस्थाओं का विवरण	46
वित्तीय विवरण	
संशोधित सांविधिक लेखापरीक्षक रिपोर्ट	49
तुलन पत्र	63
लाभ और हानि विवरण	64
रोकड़ प्रवाह विवरण	65
इक्विटी परिवर्तन विवरण	66
वित्तीय विवरणों के नोट	67
नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	144

निदेशक मंडल

(अंशकालीन निदेशक)

श्री योगेश कुमार मिश्रा
अध्यक्ष

श्री अशोक कुमार गोयल
निदेशक

श्री सुरजीत दत्ता
निदेशक

श्री मसूद अहमद
निदेशक

सुश्री रितु अरोड़ा
निदेशक

मुख्य प्रबंधन कार्मिक

श्री अतुल कुमार : मुख्य कार्यपालक अधिकारी
श्री विनय कुमार आहुजा : मुख्य वित्त अधिकारी
सुश्री इति माटा : कंपनी सचिव

सांविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स पी.आर.कुमार एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

आंतरिक लेखापरीक्षक

मैसर्स वी.एम.अरोड़ा एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

सचिवीय लेखापरीक्षक

मैसर्स वरिष्ठ एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

लागत लेखापरीक्षक

मैसर्स रवी साहनी एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

बैंकर

इंडियन ओवरसीज बैंक, नई दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय

सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली - 110017
दूरभाष : 91-11-26545267
फैक्स : 91-11-26854000, 26522000
ई-मेल: cs.irconsgtl@gmail.com
सीआईएन :U45400DL2015GOI280017

परियोजना

राष्ट्रीय राजमार्ग-3,
शिवपुरी गुना टोलवे,
मध्य प्रदेश

परियोजना फोटोग्राफ

(राष्ट्रीय राजमार्ग-3, शिवपुरी गुना टोलवे, मध्य प्रदेश)



अध्यक्ष का संबोधन

(6वीं एजीएम - 18 अगस्त, 2021)

प्रिय शेयरधारकों,

आपकी कंपनी की छठी वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए और वित्तीय वर्ष (वि.व) 2020-21 के लिए आपकी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट और लेखापरीक्षित लेखे सभी शेयरधारकों को पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं। आपकी अनुमति से, मैं उन्हें पढ़ा हुआ मानता हूँ।

मैं आपके सामने इरकॉनएसजीटीएल के संबंध में कुछ प्रमुख तथ्य रखना चाहता हूं।

इरकॉनएसजीटीएल को मई 2015 में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के साथ किए गए रियायत समझौते के नियमों और शर्तों के अनुसार, "मध्य प्रदेश राज्य में एनएच-3 के शिवपुरी गुना खंड को 236.00 किमी से किमी 332.100 (97.74 किमी) तक चार लेन करने" की परियोजना निष्पादित करने के लिए निगमित किया गया था।

परियोजना को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। परियोजना के चरण- I (अर्थात 87.5 किमी लंबाई) के लिए परिचालन की वाणिज्यिक तिथि (सीओडी) निर्धारित समय से डेढ़ महीने पहले अर्थात दिनांक 06 जून, 2018 (आरंभ में 23 जुलाई, 2018 को निर्धारित) को प्राप्त कर लिया गया था। इस प्रकार परियोजना पर टोल प्लाजा का संचालन एवं राजस्व वसूली का कार्य दिनांक दिनांक 07 जून, 2018 से प्रारंभ कर दिया गया है और परियोजना संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) चरण में है। इरकॉन को एनएचएआई के साथ रियायत समझौते के अनुसार परियोजना के दूसरे चरण (अर्थात 12.4 किमी लंबाई) के निर्माण के लिए लागत जमा आधार पर ईपीसी ठेकेदार के रूप में नियुक्त किया गया है। हालांकि, निर्माण कार्य शुरू हो गया है, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी और उसके बाद राज्य सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन के कारण यह प्रभावित हुआ है।

'आत्मनिर्भर भारत' के अभिन्न अंग के रूप में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा कोविड-19 के प्रभाव और तत्पश्चात कोविड के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन और अन्य उपायों के कारण सड़क क्षेत्र के ठेकेदारों / डेवलपर्स / छूट प्राप्तकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं। आपकी कंपनी रियायत अवधि के विस्तार के माध्यम से राजस्व हानि मुआवजे के रूप में अप्रत्याशित घटना के तहत इस तरह के नुकसान का दावा करने के लिए रियायत समझौते के तहत संरक्षित है। वित्त वर्ष 2020-21 की समाप्ति के बाद, कोविड-19 वैश्विक महामारी की पहली लहर की अप्रत्याशित घटना के कारण आपकी कंपनी द्वारा दावा किए गए राहत के आधार पर, जुलाई, 2021 में एनएचएआई ने राहत के रूप में 29.835 दिनों की अवधि के लिए रियायत अवधि विस्तार हेतु स्वीकृति प्रदान की है। कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण राहत के लिए एनएचएआई से दावा किया गया है और उनसे शीघ्र प्रतिक्रिया का आशा है।

वित्तीय निष्पादन

कोविड-19 वैश्विक महामारी में लॉकडाउन व्यवधान के प्रभाव के कारण राजस्व की हानि के बावजूद, आपकी कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में 94.44 करोड़ रूपए की तुलना में 110.78 करोड़ रूपए के परिचालन से राजस्व प्राप्त किया है, जिसमें 17.30% की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कर पूर्व हानि 14.06 करोड़ रूपए है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष यह हानि 30.83 करोड़ रूपए थी, जो इसमें 54.39% की कमी को दर्शाती है।

आपकी कंपनी की प्राधिकृत और प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी 150 करोड़ रुपये है। इरकॉनएसजीटीएल ने होल्डिंग कंपनी, इरकॉन से कुल 579.59 करोड़ रूपए का रक्षित ऋण लिया है और दिनांक 31 मार्च, 2021 तक बकाया रक्षित ऋण 526 करोड़ रूपए है।

आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि होल्डिंग कंपनी से प्राप्त बकाया मौजूदा ऋण सुविधा की समाप्ति के लिए सावधि ऋण सुविधा के पुन: वित्तपोषण के प्रस्ताव को एनएचएआई द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और बाहरी सावधि ऋण सुविधा को अंतिम रूप देने के लिए इस विषय को बैंक के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अनुपालन और प्रकटीकरण

कॉर्पोरेट गवर्नेंस: कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अनुपालन और प्रकटीकरण और इसके संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। आपकी कंपनी को विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में गठित सीपीएसई होने के परिणामस्वरूप सीपीएसई के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस पर सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) दिशानिर्देशों के अनुपालन से छूट प्राप्त है।

समझौता ज्ञापन (एमओयू): आपकी कंपनी को डीपीई द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 के लिए होल्डिंग कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने से छूट दी गई है।

आपकी कंपनी ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा सुझाए गए सभी निर्धारित सावधानियां बरती हैं।

भावी मार्ग

बीओटी परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, इसे निर्धारित समय-सीमा में ऋण के भुगतान हेतु पर्याप्त मात्रा में राजस्व उत्पन्न करने में सक्षम होना चाहिए। फास्टेग के कार्यान्वयन में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह और उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रह के मामले में वृद्धि देखी गई है। इसने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क प्लाजा में प्रतीक्षा समय को भी काफी कम कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप उपयोगकर्ता के अच्छे अनुभव में वृद्धि हुई है। राजमार्ग उपयोगकर्ताओं में निरंतर वृद्धि और फास्टेग के अधिक प्रयोग से टोल संचालन में अधिक दक्षता लाने और भविष्य में सड़क संपत्ति का सही मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी।

आभारोक्ति

मैं निदेशक मंडल की ओर से, एमओआरटीएच और एनएचएआई द्वारा कंपनी को दी गई बहुमूल्य सहायता और सहयोग एवं कंपनी को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूं। इसके अतिरिक्त, मैं होल्डिंग कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, लेखापरीक्षकों, बैंकरों और कंपनी से जुड़े अन्य पेशेवरों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं।

मैं बोर्ड में अपने सहयोगियों और कंपनी के कर्मचारियों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आगे की यात्रा में आपके निरंतर समर्थन की आशा करता हूं।

कृते और उनकी ओर से
इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड

ह/-
(योगेश कुमार मिश्रा)
अध्यक्ष
[डीआईएन: 07654014]

निदेशक की रिपोर्ट

निदेशक की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए छठीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए निदेशकों को प्रसन्नता हो रही है।

1. वित्तीय विशेषताएं:

पिछले वर्ष के निष्पादन की तुलनात्मक स्थिति के साथ दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष (वि.व.) के लिए आपकी कंपनी के वित्तीय निष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	वित्तीय मापदंड	31.03.2021 को समाप्त वर्ष के लिए	31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए
1	प्रचालनों से राजस्व	110.78	94.44
2	अन्य आय	0.38	0.44
3	**कुल आय** [(1) + (2)]	111.16	94.88
4	परियोजना व्यय	40.11	29.58
5	प्रशासनिक व्यय (वित्तीय लागत मूल्यह्रास, परिशोधन एवं हानि)	84.96	95.96
6	अन्य व्यय	0.15	0.07
7	**कुल व्यय** [(4) + (5) + (6)]	**125.22**	**125.61**
8	**कर पूर्व लाभ/(हानि)** [(3) – (7)]	**(14.06)**	**(30.73)**
9	**कर पश्चात लाभ/(हानि)**	**(14.06)**	**(30.83)**

2. परिचालन और वित्तीय निष्पादन:

आपकी कंपनी को एक सार्वजनिक कंपनी, स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में दिनांक 12 मई, 2015 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए आरंभ किया गया है, अर्थात मध्य प्रदेश राज्य में एनएचडीपी चरण

IV के तहत अभिकल्प, निर्माण, वित्तपोषण, प्रचालन और अंतरण (डीबीएफओटी) पैटर्न के आधार पर निर्माण, प्रचालन और अंतरण (बीओटी) (टोल) आधार पर एनएच-3 के शिवपुरी-गुना सेक्शन के 236.00 किमी से 332.100 किमी को चार लेन का बनाना, जिसकी कुल लंबाई लगभग 97.70 किमी. है। दिनांक 15 जून 2015 के रियायत समझौते के अनुसार, एनएचएआई ने 'नियुक्त तिथि' से 20 वर्षों (निर्माण अवधि सहित) के लिए परियोजना ("रियायत") के निर्माण, प्रचालन और रखरखाव का अधिकार दिया है और इसका स्तरोन्नयन दो चरणों में किया जाना है अर्थात चरण-1 जिसकी लंबाई 85.31 किलोमीटर (अर्थात 236.000 किलोमीटर से 319.700 किलोमीटर तक) है) जिसकी निष्पादन अवधि 910 दिनों (30 महीने) है और चरण-2 जिसकी लंबाई 12.39 किलोमीटर (किमी 319.700 से किमी 332.100) है जिसकी निष्पादन अवधि 12 महीने है।

एनएचएआई और इरकॉन एसजीटीएल के बीच रियायत समझौता दिनांक 15 जून, 2015 को किया गया था और निर्धारित रियायत अवधि दिनांक 24 जनवरी, 2036 तक है।

परियोजना निष्पादन के लिए स्वीकृत कुल लागत 872.11 करोड़ रूपए है, जिसे निम्नलिखित इक्विटी और ऋण संरचना में आवंटित किया गया है: -

1. इक्विटी शेयर पूंजी (इरकॉन द्वारा धारित 100%): ₹150 करोड़ रूपए
2. ऋण (इरकॉन द्वारा अनुमोदित रक्षित ऋण के रूप में): 722.11 करोड़ रूपए

चरण-1 परियोजना: चरण-I परियोजना के लिए वित्तीय मॉडल में आवंटित कुल लागत 759.98 करोड़ है, जिसके लिए इरकॉन को 642 करोड़ रूपए की मूल ईपीसी लागत पर ईपीसी ठेकेदार के रूप में नियुक्त किया गया था। अनुसूचित वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) 23 जुलाई, 2018 थी, अर्थात दिनांक 25 जनवरी, 2016 की 'नियुक्त तिथि' से 910 दिनों के भीतर। परियोजना के चरण-I के लिए सीओडी निर्धारित समय से डेढ़ महीने पहले दिनांक 6 जून 2018 को (हालांकि 23 जुलाई 2018 को निर्धारित) प्राप्त किया गया था। चरण-I परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद टोल प्लाजा का प्रचालन एवं राजस्व वसूली का कार्य दिनांक 07 जून, 2018 से प्रारंभ कर दिया गया है। दिनांक 07 जून, 2018 से 31 मार्च, 2021 तक टोल प्रचालन से एकत्रित राजस्व 277.48 करोड़ रूपए है। यह परियोजना वर्तमान में, प्रचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) चरण में है।

चरण-2 परियोजना: चरण- II परियोजना के लिए वित्तीय मॉडल में आवंटित कुल लागत 112.13 करोड़ रूपए है, जिसके लिए इरकॉन को दिनांक 01 जनवरी, 2021 को लागत जमा आधार पर ईपीसी ठेकेदार के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्माण के लिए समापन अवधि, चरण-2 परियोजना की कार्य अवार्ड पत्र या साइट को सौंपने के 12 महीने, जो भी बाद में हो, निर्धारित की गई है। साइट को एनएचएआई द्वारा सौंप दिया गया है और निर्माण कार्य 21 फरवरी, 2021 से शुरू किया गया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी और बाद में राज्य सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कोविड-19 महामारी के कारण राजस्व की हानि के बावजूद, पिछले वर्ष की तुलना में टोल संग्रह और यातायात (वाईओवाई) में क्रमशः 17.26% और 21.88% की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कुल राजस्व 111.16 करोड़ है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 94.88 करोड़ रूपए की तुलना में 17.16% की वृद्धि दर्ज की गई थी। कर पूर्व हानि वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 14.06 करोड़ रूपए थी [12.50 करोड़ रूपए के आवधिक रखरखाव का प्रावधान करने के बाद (वर्तमान मूल्य 10.47 करोड़ रूपए)], जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में 30.83 करोड़ रूपए की हानि दर्ज की गई थी जो 54.39% की हानि को दर्शाते हैं।

टोल संव्यवहार के लिए डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, एनएचएआई ने हाइब्राइड इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) कार्यक्रम के तहत एनएचएआई के सभी टोल प्लाजा की सभी प्राप्तियों को फास्टेग के माध्यम से सक्षम करने के लिए नीति तैयार की है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) / एनएचएआई ने पुरनखेड़ी टोल प्लाजा पर दिनांक 16 फरवरी, 2021 से उपयोगकर्ता शुल्क का कैशलेस संग्रह (अर्थात 100% ई-टोलिंग) लागू किया है। राजमार्ग उपयोगकर्ताओं द्वारा फास्टेग को अपनाने की सुविधा के लिए, एनएचएआई ने दिनांक 01 मार्च 2021 तक 'मुफ्त फास्टेग' अभियान भी शुरू किया है, जिसमें देश के 770 से अधिक टोल प्लाजा (राज्य टोल प्लाजा सहित) पर 100 रूपए की टैग लागत को माफ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 100% इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए, बिना फास्टेग वाले वाहनों से टोल शुल्क का दोगुना शुल्क लिया जाना था। ईटीसी के लागू होने के बाद, पुरनखेड़ी टोल प्लाजा पर फास्टेग की पहुंच 60% से बढ़कर 98% हो गई है।

आपकी कंपनी ने कोविड-19 महामारी की पहली लहर के मद्देनजर एक अप्रत्याशित घटना का अनुभव किया, जिसके परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के

प्रावधानों के अनुसार, 26 मार्च, 2020 से उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह के निलंबन सहित देशव्यापी लॉकडाउन किया गया था। दिनांक 20 अप्रैल, 2020 से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) / एनएचएआई और संबंधित क्षेत्राधिकार प्राधिकरणों द्वारा उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह की अनुमति दी गई थी। कोविड-19 महामारी की पहली लहर के कारण, उक्त अप्रत्याशित घटना की समाप्ति के बाद अप्रैल 2021 से 30 जून, 2021 तक की अवधि के दौरान भी कोविड -19 महामारी की दूसरी लहर ने प्रभावित किया है।

वित्त वर्ष 2020-21 की समाप्ति के बाद, कोविड-19 वैश्विक महामारी की पहली लहर की अप्रत्याशित घटना के कारण आपकी कंपनी द्वारा दावा की गई राहत के आधार पर, एनएचएआई ने जुलाई, 2021 में राहत के रूप में 29.835 दिनों की निवल अवधि (33.62 दिनों के दावे के प्रति) के लिए रियायत अवधि के विस्तार के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने कोविड-19 की दूसरी लहर की अप्रत्याशित घटना के प्रभाव का मूल्यांकन किया है और भारत सरकार / एमओआरटीएच/ एनएचएआई द्वारा जारी लागू नीतिगत दिशानिर्देशों के संयोजन के साथ रियायत समझौते के प्रावधान के अनुसार एनएचएआई से उचित राहत / दावे की मांग की है।

3. शेयर पूंजी

दिनांक 31 मार्च, 2021 को कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 150 करोड़ रूपए है, जिसमें प्रत्येक 10 रूपए के 15,00,00,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी की शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के पास इरकॉनएसजीटीएल की 100% प्रदत्त शेयर पूंजी बनी हुई है।

4. लाभांश, आरक्षित और निवल मूल्य:

निदेशक मंडल दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के इक्विटी शेयरों पर किसी लाभांश की सिफारिश नहीं करता है।

दिनांक 31 मार्च, 2021 को रिजर्व में 76.25 करोड़ रूपए के ऋणात्मक शेष पर विचार करने के पश्चात, आपकी कंपनी की कुल संपत्ति 73.75 करोड़ रूपए है।

5. रक्षित ऋण:

आपकी कंपनी की 722.11 करोड़ रूपए की संपूर्ण ऋण आवश्यकता को होल्डिंग कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ समायोजित करके, परियोजना का वित्तीय समापन प्राप्त किया गया था। आपकी कंपनी ने कुल 579.59 करोड़ रूपए का ऋण लिया है और होल्डिंग कंपनी से बकाया रक्षित ऋण दिनांक 31 मार्च, 2021 को 526 करोड़ रूपए था।

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, निदेशक मंडल ने होल्डिंग कंपनी से प्राप्त बकाया मौजूदा ऋण सुविधा के समापन के लिए 564.15 करोड़ रूपए की पुनर्वित्तीय ऋण सुविधा को मंजूरी दे दी है, जो कि स्टेज-I परियोजना के सीओडी को प्राप्त करने के लिए इरकॉनएसजीटीएल द्वारा उपयोग की गई राशि के अनुरूप है। सावधि ऋण के पुनर्वित्तीयन का प्रस्ताव एनएचएआई के पास लंबित है, और एनएचएआई द्वारा अनुमोदन के पश्चात, पुनर्वित्तीयन को बैंकों के साथ निष्पादित किया जाएगा।

6. वित्तीय वर्ष की समाप्ति और रिपोर्ट की तारीख के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं:

वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भी भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं नहीं हुई हैं, केवल होल्डिंग कंपनी को रिपोर्ट की तारीख के अनुसार 68.59 करोड रूपए के ऋण के पुन:भुगतान को छोड़कर।

7. कोविड-19 के प्रभाव पर विवरण:

कंपनी ने नोवेल कोरोनावायरस के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा सुझाए गए सभी निर्धारित सावधानियां बरती हैं। वित्तीय विवरणों में कोविड-19 महामारी के प्रभाव के विवरण का प्रकटन किया गया है।

8. ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एम) के तहत कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित विवरण निम्नानुसार हैं:

क. ऊर्जा का संरक्षण:

(i) ऊर्जा के संरक्षण के संबंध में उठाए गए कदम या प्रभाव - **शून्य**

(ii) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम - **फरवरी 2021 में ₹10.48 लाख (₹0.10 करोड़) की कुल लागत पर परियोजना खंड में सौर ऊर्जा संचालित ब्लिंकर स्थापित किए गए थे।**

(iii) ऊर्जा संरक्षण उपकरण पर पूंजी निवेश **- शून्य**

ख. प्रौद्योगिकी अवशोषण: **लागू नहीं**

(i) प्रौद्योगिकी समावेशन की दिशा में प्रयास किए गए;

(ii) इससे प्राप्त लाभ जैसे उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास या आयात प्रतिस्थापन;

(iii) आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (पिछले तीन वर्षों के दौरान आयात को वित्तीय वर्ष के आरंभ से गिना जाएगा) ;

(क) आयातित प्रौद्योगिकी का ब्यौरा;

(ख) आयात का वर्ष;

(ग) क्या प्रौद्योगिकी को पूरी तरह से समाहित कर लिया गया है;

(घ) यदि पूरी तरह से अवशोषित नहीं हुआ है, तो ऐसे क्षेत्रों का पता लगाना जहां अवशोषण नहीं हुआ है, और इसके क्या कारण हैं; तथा

(iv) अनुसंधान और विकास पर किया गया व्यय।

ग. वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा आय और व्यय: **लागू नहीं**

(i) अर्जित विदेशी मुद्रा

(ii) विदेशी मुद्रा व्यय

9. अनुसंधान और विकास (आर एंड डी):

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कोई अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां नहीं की गईं।

10. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) का विवरण:

निदेशक:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, श्री राजेंद्र सिंह यादव [जिनका डीआईएन: 07752915 है], कार्यकारी निदेशक (सामान्य), इरकॉन के पद से दिनांक 31 अक्टूबर 2020 से सेवानिवृत्त होने के परिणामस्वरूप कंपनी के निदेशक (अंशकालिक नामित) नहीं रहे। ।

दिनांक 31 मार्च, 2021 को कंपनी के निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री श्याम लाल गुप्ता [डीआईएन: 07598920]	अध्यक्ष
2.	श्री अशोक कुमार गोयल [डीआईएन: 05308809]	निदेशक
3.	श्री सुरजीत दत्ता [डीआईएन: 06687032]	निदेशक
4.	श्री देवेंद्र कुमार शर्मा [डीआईएन: 08556821]	निदेशक

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, श्री सुरजीत दत्ता, निदेशक आपकी कंपनी की इस वार्षिक आम बैठक में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होंगे और पात्र होने के कारण, स्वयं को पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तुत किया है। निदेशक मंडल, निदेशक के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति की सिफारिश करता है और उनका संक्षिप्त विवरण वार्षिक आम बैठक की सूचना के साथ संलग्न है।

वर्ष की समाप्ति के बाद, होल्डिंग कंपनी ने दिनांक 13 मई, 2021 से श्री श्याम लाल गुप्ता के स्थान पर श्री योगेश कुमार मिश्रा [जिनका डीआईएन: 07654014 है], निदेशक (कार्य), इरकॉन को अध्यक्ष के रूप में; और सुश्री रितु अरोड़ा, [जिनका डीआईएन: 00002455 है], कंपनी सचिव, को निदेशक (महिला निदेशक) के रूप में नामित किया है। इसके अतिरिक्त, श्री मसूद अहमद, [जिनका डीआईएन: 09008553 है], मुख्य महाप्रबंधक (सिविल/राजमार्ग), इरकॉन को श्री देवेंद्र कुमार शर्मा के स्थान पर 02 अगस्त, 2021 से निदेशक के रूप में नामित किया गया है। श्री योगेश कुमार मिश्रा, सुश्री रितु अरोड़ा और श्री मसूद अहमद को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और आगामी 6वीं एजीएम में इन्हें निदेशकों के पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव है। इसे आगामी एजीएम के नोटिस में शामिल किया गया है।

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक:

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 203 के प्रावधानों के अनुसार, दिनांक 31 मार्च, 2021 को कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) हैं:

क्र.सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री मसूद अहमद	मुख्य कार्यकारी अधिकारी
2.	श्री संजीव कुमार गुप्ता	मुख्य वित्तीय अधिकारी
3.	सुश्री इति माटा	कंपनी सचिव (24.09.2020 से प्रभावी)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सुश्री साक्षी मेहता ने कंपनी सचिव के पद से 21 अगस्त, 2020 से इस्तीफा दे दिया है और इसलिए वे अब कंपनी में प्रमुख प्रबंधन कामिर्क नहीं हैं। सुश्री इति माटा को 24 सितंबर 2020 से होल्डिंग कंपनी द्वारा कंपनी सचिव के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है और केएमपी के रूप में घोषित किया गया है।

वर्ष की समाप्ति के बाद, होल्डिंग कंपनी ने दिनांक 01 जुलाई, 2021 से श्री संजीव कुमार गुप्ता के स्थान पर श्री विनय कुमार आहूजा को मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है और उन्हें कंपनी के केएमपी के रूप में घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त, श्री मसूद अहमद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को इरकॉनएसजीटीएल में निदेशक के रूप में उनके नामांकन के कारण दिनांक 02 अगस्त, 2021 से कंपनी के सीईओ और केएमपी नहीं हैं और उनके स्थान पर श्री अतुल कुमार को होल्डिंग कंपनी द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया है और बोर्ड द्वारा सीईओ और केएमपी के रूप में दिनांक 03 अगस्त 2021 से नियुक्त किया गया है।

11. निदेशक मंडल की बैठकें और निदेशकों की उपस्थिति:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, सात (7) बोर्ड बैठकें आयोजित की गई अर्थात 18 मई, 2020; 24 जुलाई, 2020; 19 अगस्त, 2020; 24 सितंबर, 2020; 09 नवंबर, 2020, 26 नवंबर, 2020 और 09 फरवरी, 2021. बोर्ड की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती हैं, जिसमें लगातार दो बैठकों के बीच 120 दिनों से अधिक का समय अंतराल नहीं होता है।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2020 को; 23 जून, 2020; और 30 दिसंबर, 2020 को जारी अधिसूचना के संदर्भ में, दिनांक 26 नवंबर, 2020 और 09 फरवरी, 2021 को हुई बैठकों, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) मोड के माध्यम से आयोजित की गईं, को छोड़कर, बोर्ड की सभी बैठकें भौतिक मोड के माध्यम से आयोजित की गईं।

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बोर्ड की बैठकों में निदेशक की उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं	**बोर्ड बैठक/एजीएम/ ईजीएम की तारीख**	**निदेशकों की उपस्थिति**				
		श्री श्याम लाल गुप्ता	श्री अशोक कुमार गोयल	श्री राजेंद्र सिंह यादव (31 10.2020 तक)	श्री सुरजीत दत्ता	श्री देवेंद्र कुमार शर्मा
1	18.05.2020	√	√	√	√	√
2	24.06.2020	√	√	√	√	√
3	19.08.2020	√	√	√	√	√
4	14.09.2020	√	√	√	√	अनुपस्थिति
5	09.11.2020	√	√	लागू नहीं	√	√
6	26.11.2020	√	√	लागू नहीं	√	अनुपस्थिति
7	09.02.2021	√	√	लागू नहीं	अनुपस्थिति	अनुपस्थिति

12. स्वतंत्र निदेशक, निदेशक मंडल की समितियां और इनसे संबंधित छूट:

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने अपनी अधिसूचना दिनांक 05 जुलाई, 2017 और 13 जुलाई, 2017 के माध्यम से गैर-सूचीबद्ध पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को अपने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति और 'लेखापरीक्षा समिति' और 'नामांकन और पारिश्रमिक समिति' के गठन की आवश्यकता से छूट प्रदान की है।

साथ ही, सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिनांक 8-10 जुलाई 2014 के कार्यालय ज्ञापन के साथ पठित दिनांक 11 जुलाई, 2019 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, सीपीएसई के रूप में

गठित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) को सीपीएसई संबंधी कॉरपोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन से छूट दी गई है।

तदनुसार, इरकॉनएसजीटीएल, एक गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी और इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4) के अनुसार अपने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने की आवश्यकता नहीं है और स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा का प्रावधान, कंपनी पर लागू नहीं है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-177 और 178 के प्रावधानों के अनुपालन से छूट दी गई है, जो लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति के गठन के संबंध में है।

13. कार्यनिष्पादन मूल्यांकन:

इरकॉनएसजीटीएल एक सरकारी कंपनी है और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। आपकी कंपनी के सभी निदेशकों को होल्डिंग कंपनी, इरकॉन द्वारा नामित किया जाता है, जो मौजूदा प्रणाली और प्रक्रिया के अनुसार होल्डिंग कंपनी द्वारा मूल्यांकन के अधीन हैं।

14. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:

प्रत्येक कंपनी जिसकी तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान शुद्ध संपत्ति 500 करोड़ रूपए या उससे अधिक है या 1000 करोड़ रूपए या उससे अधिक का कारोबार किया है उसे अपनी सीएसआर नीति के अनुसरण में तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक वित्त वर्ष में कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% का खर्च करने की आवश्यकता है। ।

चूंकि कंपनी उपरोक्त थ्रेशहोल्ड सीमा को पूरा नहीं करती है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-135 के तहत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रावधान, वित्त वर्ष 2020-21 के लिए लागू नहीं हैं।

15. जोखिम प्रबंधन:

बोर्ड को कंपनी के व्यवसाय के लिए किसी बड़े खतरे/जोखिम की आशंका नहीं है।

16. सतर्कता तंत्र:

सतर्कता तंत्र की स्थापना के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-177(9) के प्रावधान, वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी पर लागू नहीं थे। हालांकि, एक सुशासन उपाय के रूप

में, निदेशक मंडल ने कर्मचारियों और निदेशकों के लिए अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी के संबंध में रिपोर्ट करने और तंत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों और निदेशकों के उत्पीड़न के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के लिए सतर्कता तंत्र को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस तंत्र के तहत, होल्डिंग कंपनी से नामित / प्रतिनियुक्त कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान इरकॉन (होल्डिंग कंपनी) की 'विसिल ब्लोअर नीति' के अनुसार किया जाएगा और कंपनी में नियुक्त अन्य कार्मिकों की शिकायतों का निवारण श्री मसूद अहमद निदेशक, इरकॉनएसजीटीएल द्वारा किया जाएगा, जिनका ईमेल आईडी masood@ircon.org और फोन नंबर +91 011 26530467 है।

17. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी उपयुक्तता:

कंपनी के संचालन के आकार को ध्यान में रखते हुए कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का प्रयोग किया जाता है। कंपनी वित्तीय विवरणों में खाता बहियों और रिपोर्टिंग को ठीक से बनाए रखने के लिए सभी लागू लेखा मानकों का पालन कर रही है।

कंपनी ने सनदी लेखाकारों (चार्टर्ड एकाउंटेंट्स) की एक स्वतंत्र फर्म को आंतरिक लेखापरीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनी की प्रणाली और पद्धतियों को कंपनी के संचालन के आकार और प्रकृति से मेल खाने के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण के साथ डिजाइन किया गया है। आंतरिक लेखापरीक्षक परिचालन के सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक अर्धवार्षिक लेखा परीक्षा और उसकी समीक्षा करते हैं। प्रबंधन की प्रतिक्रियाओं के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट को चर्चा और आवश्यक कार्रवाई के लिए निदेशक मंडल के समक्ष रखा जाता है।

18. कर्मचारियों का विवरण:

दिनांक 31 मार्च, 2021 तक, कंपनी में 12 कर्मचारी हैं, जिनमें 6 कर्मचारी नियमित आधार पर (होल्डिंग कंपनी द्वारा प्रतिनियुक्त) और 6 अनुबंध के आधार पर शामिल हैं।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 जून 2015 की अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-197 के प्रावधानों और अध्याय-XIII के तहत संबंधित नियमों के अनुपालन से छूट दी गई है। इरकॉनएसजीटीएल के एक सरकारी कंपनी होने के कारण, निदेशकों की रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कंपनी के नियम 5(2)

(प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) के तहत निर्धारित मानदंडों के तहत आने वाले कर्मचारियों के पारिश्रमिक पर जानकारी के प्रकटन की आवश्यकता नहीं है।

19. कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा:

समीक्षाधीन वर्ष के आरंभ में या वर्ष के दौरान कंपनी को यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत लंबित या प्राप्त नहीं हुई थी।

वर्ष की समाप्ति के पश्चात, आपकी कंपनी ने होल्डिंग कंपनी, इरकॉन द्वारा तैयार की गई 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण के लिए नीति' (पीओएसएच नीति) को अपनाया है। कॉर्पोरेट कार्यालय के साथ-साथ इरकॉन के निकटतम परियोजना कार्यालय में पीओएसएच नीति के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठित किया गा है, जो कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत इरकॉनएसजीटीएल के मामलों से निपटने के लिए आईसीसी होगी।

20. समझौता ज्ञापन:

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने डीपीई समझौता ज्ञापन (एमओयू) दिशानिर्देशों के संदर्भ में आपकी कंपनी को होल्डिंग कंपनी, इरकॉन के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने से छूट दी है।

21. एमएसएमई अनुपालन:

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा-9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने निदेश जारी किए हैं कि कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत सभी कंपनियां, जिनका टर्नओवर 500 करोड़ रूपए से अधिक है और सभी सीपीएसई भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार स्थापित ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म पर स्वयं को ऑन-बोर्ड करने की आवश्यकता है। प्रत्येक राज्य में कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) ऐसे निदेशों के अनुपालन की निगरानी के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे और सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार सीपीएसई द्वारा ऐसे निदेशों के अनुपालन की निगरानी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे। उपरोक्त निदेशों के अनुपालन में, कंपनी टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर दिनांक 16 दिसंबर, 2019 से शामिल हो गई है ताकि उनकी प्राप्य राशि में छूट और नियत तारीख से पहले उनके भुगतान की प्राप्ति द्वारा एमएसई की व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण को सुलभ बनाया जा सके।

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान एमएसएमई से वार्षिक खरीद लक्ष्यों का अनुपालन किया गया है।

22. निदेशक के उत्तपरदायित्व का विवरण

(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134(3)(ग) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134(5) के अनुसार, निदेशक मंडल यह पुष्टि करता है कि:

(क) वार्षिक लेखे तैयार करने में सामग्री विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है;

(ख) निदेशकों द्वारा ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया गया है और उन्हें निरंतर लागू किया गया है और ऐसे निर्णय लिए और अनुमान तैयार किए गए थे जो तर्कसंगत और विवकपूर्ण थे ताकि वर्ष के अंत में कंपनी की कार्य स्थिति तथा उक्त अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही एवं वास्तमविक चित्र प्रस्तुत हो सके;

(ग) निदेशकों द्वारा परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा छल-कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों के पर्याप्त रखरखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है;

(घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखे "निरंतर" आधार पर तैयार किए हैं; और

(ङ) निदेशकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं कि सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन किया जाए और कि इस प्रकार की प्रणालियां पर्याप्त और प्रभावपूर्ण रूप से प्रचालनिक थीं।

23. लेखापरीक्षक:

सांविधिक लेखापरीक्षक:

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी) ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए आपकी कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में मैसर्स पी.आर कुमार एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स (फर्म पंजीकरण संख्या 003186एन) को नियुक्त किया।

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के खातों पर 'इंफेसिस ऑन मेटर' के तहत ध्यान आकर्षित करते हुए रिपोर्ट दी है। सांविधिक लेखापरीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर इस प्रकार है -

31.02.2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों का अवलोकन	**प्रबंधन का उत्तर**
कंपनी ने अमूर्त संपत्ति के सकल ब्लॉक में 0.83 करोड़ रूपए की कमी की है और इतनी ही राशि को मूर्त संपत्ति में स्थानांतरित कर दिया है। तदनुसार, संचित मूल्यह्रास 0.08 करोड़ रुपये कम हो गया है। लेखापरीक्षा के तहत वित्तीय वर्ष के दौरान संपत्ति का सही वर्गीकरण किया गया है। मूर्त संपत्ति से संबंधित मूल्यह्रास की गणना कंपनी की लेखा नीतियों के तहत प्रदान किए गए अनुमानों के अनुसार उनके जीवनकाल के आधार पर की गई है।	उल्लिखित अवलोकन तथ्यात्मक रूप से सही है। ऐसी मूर्त परिसंपत्तियां, जिन्हें पहले के वर्षों में पहचाना नहीं जा सकता था, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उन्हें पहचान कर मूर्त परिसंपत्तियों के तहत पुनर्वर्गीकृत किया गया है, और यथा उल्लखित समायोजन किया गया है ।
टोलवे प्लाजा के संचालन के लिए कंपनी के पास स्वतंत्र सॉफ्टवेयर है, जिसका नाम "कॉम्विजन टोलवे मैनेजमेंट सिस्टम" है और हमने अवलोकन किया है कि कंपनी के पास अधिक सुदृढ नियंत्रण होना चाहिए ताकि कंपनी ओवरवेट प्रभारों के संबंध में राजस्व की हानि से बच सके।	हालांकि, टोल रोड की स्थापना के बाद से टोल ट्रैफिक की निगरानी के लिए पूरी तरह से अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर प्रबंधन प्रणाली लागू है, ऊपर वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखा गया है और प्रबंधन इस तरह की कमी को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर की फिर से समीक्षा करेगा ताकि कंपनी के समग्र आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में सुधार किया जा सके।

लागत लेखापरीक्षक:

कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-148(1) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी ने लागत खाते और रिकॉर्ड बनाए रखा है।कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-148 के अनुपालन में, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों के रूप में मैसर्स रवि साहनी एंड कंपनी, लागत लेखाकार को नियुक्त किया है।

आतंरिक लेखाकार:

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान मैसर्स वी.एम. अरोड़ा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को आंतरिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया था। मैसर्स वी.एम. अरोड़ा एंड कंपनी ने वर्ष के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा की थी और कंपनी को अपनी आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

सचिवीय लेखापरीक्षक:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-204 और कंपनी के प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के प्रावधान के अनुसार, आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखापरीक्षा के लिए मैसर्स वशिष्ट एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव (सीपी संख्या 21476), को सचिवीय के रूप में नियुक्त किया है।

मेसर्स वशिष्ट एंड एसोसिएट्स ने समीक्षाधीन वर्ष के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा की है और कंपनी को अपनी सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की है; और इससे संबंधित टिप्पणियों और प्रबंधन के उत्तर इस प्रकार हैं:

31.03.2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सचिवीय लेखापरीक्षक के अवलोकन	**प्रबंधन का उत्तर**
कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 के नियम-3 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-149(1) के तहत कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की है।	इरकॉनएसजीटीएल के संगम अनुच्छेदों की शर्तों के अनुसार, सभी निदेशकों की नियुक्ति होल्डिंग कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा की जाती है। चूंकि, होल्डिंग कंपनी द्वारा नामित किए जाने तक निदेशकों की नियुक्ति में इरकॉनएसजीटीएल की कोई भूमिका नहीं है, इसलिए होल्डिंग कंपनी से इरकॉनएसजीटीएल के बोर्ड में एक महिला निदेशक की नियुक्ति के लिए अनुरोध किया जा चुका था। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, एक महिला निदेशक को

	होल्डिंग कंपनी द्वारा नामित किया गया है और इरकॉनएसजीटीएल के बोर्ड में दिनांक 13.05.2021 से उनकी नियुक्त की गई है।

24. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक समीक्षा:

दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी एंड ए.जी) की टिप्पणियाँ रिपोर्ट की तिथि को प्राप्त नहीं हुई हैं।

25. रिपोर्ट के अनुबंध :

निम्नलिखित रिपोर्टें संलग्न की गई हैं और ये इस रिपोर्ट का अभिन्न अंग हैं:

क. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन: मुख्य कार्यपालक अधिकारी और मुख्य वित्त अधिकारी ने वित्तीय विवरणों की सत्यता और निष्पक्षता, उचित अनुपालन और वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में लिखित रूप में प्रमाणित किया है, जिसे इस रिपोर्ट के **अनुबंध-क** के रूप में निदेशक मंडल के समक्ष रखा गया था।

ख. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट: एमआर-3 में मैसर्स वशिष्ट एंड एसोसिएट्स द्वारा सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ '**अनुबंध-ख**' के रूप में संलग्न है।

ग. वार्षिक रिटर्न का उद्धरण: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-92(3), धारा-134(3) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम-12 की आवश्यकता के अनुसार, वार्षिक रिटर्न का उद्धरण, फॉर्म संख्या एमजीटी-9, इस रिपोर्ट के साथ 'अनुबंध-ग' के रूप में संलग्न है।

घ. संबंधित पक्षों के साथ अनुबंधों या व्यवस्थाओं का विवरण: वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान संबंधित पक्ष लेनदेन होल्डिंग कंपनी, इरकॉन के साथ और आर्म लेंथ आधार पर थे और व्यवसाय के सामान्य क्रम में हैं, और कंपनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में अनुमोदित हैं। फॉर्म एओसी-2 में संबंधित पक्ष लेनदेन का विवरण इस रिपोर्ट के साथ '**अनुबंध-घ**' के रूप में संलग्न है।

26. अन्य प्रकटन:

(i) आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 'निदेशक मंडल की बैठकों' और 'सामान्य बैठकों' से संबंधित लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन किया है।

(ii) आपकी कंपनी ने जनसाधारण से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है और इस तरह, तुलन पत्र की तारीख को मूलधन या सार्वजनिक जमा पर ब्याज की कोई राशि बकाया नहीं थी।

(iii) आपकी कंपनी की कोई सहायक/सहयोगी/संयुक्त उद्यम कंपनी नहीं है।

(iv) दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

(v) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आपकी कंपनी को कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(vi) नियामकों/अदालतों द्वारा कोई महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किया गया है, जो कंपनी के गोइंग कंसर्न स्थिति और उसके भविष्य के संचालन को प्रभावित करेगा। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अपनी रिपोर्ट में लेखा परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के कोई उदाहरण नहीं थे।

(vii) दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत आपकी कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही शुरू/लंबित नहीं है जो कंपनी के व्यवसाय को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है।

(viii) कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के तहत कोई ऋण या गारंटी नहीं दी है या कोई निवेश नहीं किया है।

(ix) सभी निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत समय-समय पर अपेक्षित कंपनी या कंपनियों या निकायों कॉर्पोरेट, फर्मों, या व्यक्तियों के अन्य संघ में अपनी हित/रूचि की प्रकृति का प्रकटन किया था।

आभारोक्ति

आपके निदेशक होल्डिंग कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच)/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), विभिन्न अन्य सरकारी एजेंसियों, बैंकों, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, सांविधिक लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक, लागत लेखापरीक्षक और सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करते हैं।

आपके निदेशक इस अवसर पर कंपनी के सभी कर्मचारियों और शेयरधारकों से निरंतर समर्थन और योगदान की सराहना करते हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से

ह/-
(योगेश कुमार मिश्रा)
अध्यक्ष
[डीआईएन: 07654014]

दिनांक: 10.08.2021
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध "-क"

सीईओ एवं सीएफओ का प्रमाणन

निदेशक मंडल
इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड,
सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली-110017

विषय : दिनांक 31.03.2021 को समाप्त वर्ष हेतु अनुपालन प्रमाणपत्र

हमने अपनी सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय विवरणों सहित तुलन पत्र, लाभ हानि विवरण, रोकड़ प्रवाह विवरण की समीक्षा की है-:

(i) इन विवरणों में किसी प्रकार के सामग्रीगत असत्य विवरण या किसी तथ्यात्मक विवरण को हटाया नहीं गया है, या गुमराह करने वाले विवरण विद्यमान नहीं हैं।

(ii) ये विवरण समग्र रूप में कंपनी के कार्य का वास्तविक व सही स्थिति प्रस्तुत करते हैं तथा ये विवरण मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुपालन के अनुरूप हैं।

(iii) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान कोई धोखाधड़ी, अवैध या कानूनों की आचार संहिता के उल्लंघन का कोई संव्यवहार नहीं किया गया है, जैसा कि कंपनी के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुसरण किए जाने की सहमति हुई है।

(iv) हम आतंरिक नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं तथा हमने कंपनी में एक कुशल आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार की है। हमने आंतरिक नियंत्रणों और इनमें कमियों को दूर करने के लिए उठाए गए या प्रस्तावित कदमों के संबंध में लेखापरीक्षाओं तथा लेखापरीक्षा समिति को बताया है, जिनके बारे में हम जानते हैं।

(v) हमने वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में परिवर्तनों को लेखापरीक्षक तथा लेखापरीक्षा समिति को इंगित कर दिया है, और इन्हें वित्तीय विवरणों के नोटों में प्रकट कर दिया गया है, और

(vi) हमारी जानकारी में धोखाधड़ी का कोई मामला सामने नहीं आया है और ना ही कंपनी को आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रबंधन या कर्मचारी के बार में ऐसी कोई जानकारी प्राप्त हुई है।

ह/-	**ह/-**
(श्री संजीव कुमार गुप्ता)	**(श्री मसूद अहमद)**
मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)	**मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)**

दिनांक: 21.06.2021
स्थान: नई दिल्ली

अनुबंध-ख

वरिष्ठ एंड एसोसिएट्स

फार्म सं. एमआर-3

वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 204(1) तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में)

सेवामें,

सदस्य,

इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड,

सीआईएन: U45400DL2015GOI280017

सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,

नई दिल्ली-110017, भारत

मैं, शोभित वरिष्ठ, प्रोप्राइटर, वरिष्ठ एंड एसोसिएट्स, ने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और **इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड,** (जिसे यहां आगे ''कंपनी'' कहा जाएगा) द्वारा अच्छी निगमित पद्धतियों के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई थी, जिससे हमें निगमित आचरण/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और इन पर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए आधार मिला है।

कंपनी की बहियों, अभिलेखों, कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों और दायर रिटर्नों तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य रिकार्डों और सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, मैने एतद्द्वारा रिपोर्ट देते हैं कि हमारे मतानुसार, कंपनी ने 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और कि कंपनी में उचित बोर्ड प्रकियाएं भी हैं और उस स्तर तक तथा उस रुप में अनुपालन तंत्र विद्यमान है और यहां आगे उल्लिखित रिपोर्टिग के मद्देनजर हैः

मैने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड द्वारा अनुरक्षित बहियों, अभिलेखों, कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों और दायर रिटर्नों तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य रिकार्डों की जांच की हैः

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा इसके अंतर्गत निर्मित नियमः

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ("एससीआरए") और इसके तहत बनाए गए नियम; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत निर्मित विनियम और उपनियम; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके अंतर्गत निर्मित नियम; **)उक्त अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं है)**

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं:

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(ड.) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(च.) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का इश्यु और सूचीकरण) विनियम, 2008; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(छ(भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इश्यू और शेयर अंतरण एजेंटों के रजिस्ट्रार) विनियम 1993 जो कंपनी अधिनियम और कंपनी के साथ संव्यवहार से संबंधित है; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(ज(भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का विसूचीकरण) विनियम, 2009; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**

(झ(भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का पुनर्खरीद) विनियम, 2018; **(कंपनी पर लागू नहीं है)।**

(vi) हम आगे यह भी उल्लेख करते हैं कि कंपनी में विद्यमान अनुपालन प्रणाली के संबंध में, कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच पर, कंपनी ने उसपर लागू निम्नलिखित कानूनों का अनुपालन किया है:

क. भवन एवं अन्य निर्माण कामगार (नियोजना के विनियम और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1998;

ख. भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996;

ग. पर्यावरण कानून, जो लागू हों;

घ. समीक्षाधीन अवधि के लिए श्रम कानूनों जैसे भविष्य निधि, ईएसआई/ईपीएफ, ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम आदि सहित अन्य लागू कानून।

मैंने निम्नलिखित के लागू प्रावधानों के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक;

(ii) सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 14 मई, 2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 18(8)/2005-जीएम के तहत जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिशानिर्देश; (हालांकि, यह ज्ञात है कि चूंकि कंपनी को विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में गठित किया गया है, इसलिए स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति, तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सार्वजनिक उद्यम विभाग(ओपीई) द्वारा अपने दिनांक 11 जुलाई, 2019 और 8 जुलाई, 2014 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा जारी कॉर्पोरेट प्रशासन दिशानिर्देशों के अन्य अनुपालन से छूट प्राप्त है)।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने ऊपर उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, मानकों और दिशानिर्देशों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, केवल नीचे उल्लिखित स्तर तक;

कंपनी {निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता} नियम, 2014 के नियम-3 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(1} के तहत कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की है।

मैं आगे उल्लेख करता हूं कि:

महिला निदेशक की नियुक्ति के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा-149 के तहत उपरोक्त अनुपालन के अधीन, कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के उचित संतुलन के साथ कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया है। हालांकि, एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के कारण, कंपनी के निदेशक मंडल की नियुक्ति कंपनी के संगम अनुच्छेदों के अनुसार होल्डिंग कंपनी (''इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड') द्वारा की जाती है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन, अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकों, कार्यसूची का निर्धारित करने के लिए पर्याप्त नोटिस दिया जाता है और कार्यसूची पर विस्तृत नोट सभी निदेशकों काफी पहले भेजे गए थे, और कार्यसूची पर आगे की जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए प्रणाली मौजूद है। बोर्ड बैठक में सभी निर्णय सर्वसम्मति से किए गए थे, जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा कहा गया था।

असहमति वाले सदस्यों के विचारों को कार्यवृत्त के भाग के रूप में शामिल करने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि ऐसा कोई उद्धरण नहीं था।

हमें दिए गए स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदनों और उस पर हमारे उत्तरों के अनुसार कंपनी के आकार और प्रचालन के अनुरूप कंपनी में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रणाली और प्रक्रियाएं उपस्थित हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, जैसा कि प्रबंधन द्वारा स्पष्ट और प्रस्तुत किया गया है, उपरोक्त उल्लिखित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कोई विशेष घटना/कार्य नहीं हुए हैं, जिन्होंने कंपनी के मामलों पर कोई व्यापक प्रभाव प्रस्तुत किया है।

कृते वशिष्ठ एंड एसोसिएट्स

कंपनी सचिव

ह/-

सीएस शोभित वशिष्ठ

अध्यक्ष
डीआईएन: 07654014

(सुरजीत दत्ता)
निदेशक
डीआईएन: 06687023

(सीए दीपक श्रीवास्तव)
साझेदार
सं.सं: 501615

(मसूद अहमद नजर)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(संजीव कुमार गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी

(इटी माटा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 22.06.2021
यूडीआईन : 21501615AAAABQ3802

इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड
सीआईएन : U45400DL2015GOI280017
31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु रोकड प्रवाह विवरण

(in Rs. crores) **(रुपए करोड़ में)**

विवरण		31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2020 को
प्रचालन गतिविधियों से रोकड प्रवाह			
कराधान पश्चात निवल लाभ		(14.06)	(30.73)
समायोजन			
मूल्यह्रास, परिशोधन एंव हानि		41.73	41.55
वित्तीय लागत		41.51	52.81
ब्याज आय		(0.34)	(0.43)
चालू/गैर चालू परिसंपत्तियों और देयताओं से पूर्व प्रचालनिक लाभ	(1)	68.84	63.20
समायोजन			
व्यापार प्राप्त/वित्तीय परिसंपत्तियों - ऋण में कमी / (वृद्धि)		(0.33)	0.55
अन्य परिसंपत्तियों एवं वित्तीय परिसंपत्तियों में कमी / (वृद्धि)		0.76	(0.36)
व्यापार प्राप्य में कमी / (वृद्धि)		(0.62)	(19.74)
अन्य देयताओ, वित्तीय देयताओं व प्रावधानो में (कमी) /(वृद्धि		13.07	(0.86)
	(2)	12.88	(20.41)
प्रचालनों से सृजित रोकड	(1+2)	81.72	42.79
प्रदत्त आयकर (निवल)		0.72	0.72
प्रचालन गतिविधियों से निवल रोकड	(क)	82.44	43.51
निवेश गतिविधियों से निवल रोकड			
सीडब्ल्यूआईपी सहित परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण		(0.02)	(0.01)
अमूर्त परिसंपत्तियों / विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियों की खरीद		-	-
निवेश परिसंपत्तियों की खरीद/ बिक्री		-	-
परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण व अमूर्त परिसंपत्तियों की बिक्री		-	-
परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण व अमूर्त परिसंपत्तियों पर विनिमय लाभ/हानि		-	-
निवेश की बिक्री		-	-
म्युचुवल फंड में निवेश		-	-
सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों को ऋण		-	-
सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों से ऋण का पुनर्भुगतान		-	-
प्राप्त ब्याज		0.34	0.46
प्राप्त लाभांश		-	-
इक्विटी शेयर में निवेश		-	-
बांडो में निवेश		-	-
बैंक जमा खातो में (निवेश)/परिपक्वता (तीन महीनों से अधिक की परिपक्वता वाले)		-	-
निवेश गतिविधियों से निवल रोकड	(ख)	0.32	0.45
वित्तीय गतिविधियों से रोकड प्रवाह			
इरकॉन से ऋण (धारक कंपनी)		-	18.00
इरकॉन को ऋण का पुनर्भुगतान (धारक कंपनी		(38.15)	(15.44)
ऋण लागत		(41.51)	(52.81)
वित्तीय गतिविधियों से निवल रोकड़	(ग)	(79.66)	(50.25)
विदेशी मुद्रा रोकड़ और रोकड़ समतुल्य में रूपांतरण पर विनिमय अंतर का प्रभाव	(घ)	-	-
रोकड और रोकड़ समतुल्य में निवल कमी	(क+ख+ग+घ)	3.10	(6.29)
रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (आरंभिक)	(ङ)	3.32	9.61
रोकड़ शेष			
बैंको में शेष			
चालू खातो में		0.02	0.01
फ्लैक्सी खातो में		3.30	6.10
अल्पकालीन निवेश			3.49
रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (अंतिम)*	(च)	6.42	3.32
रोकड़ शेष			
बैंको में शेष			
चालू खातो में		0.07	0.02
फ्लैक्सी खातो में		6.35	3.30
अल्पकालीन निवेश			
रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य से निवल वृद्धि(कमी)	(च - ङ)	3.10	(6.29)

(0.00)

नोट : 1. उपर्युक्त रोकड प्रवाह विवरण को रोकड प्रवाह विवरण पर भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस)-7 में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अंतर्गत तैयार किया गया है।
2. प्रकाष्ठ में आंकडे रोकड के बाहरी प्रवाह को दर्शाते हैं।
3. जहां आवश्यक हुआ पिछले वर्ष के आंकडों को पुनसमूहित/पुन:निर्धारित किया गया है।

हमारी इसी तारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते पी.आर.कुमार एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं:003186एन

(योगेश कुमार मिश्रा
अध्यक्ष
डीआईएन: 07654014

(सुरजीत दत्ता)
निदेशक
डीआईएन: 06687023

(सीए दीपक श्रीवास्तव)
साझेदार
सं.सं: 501615

(मसूद अहमद नजर)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(संजीव कुमार गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी

(इटी माटा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 22.06.2021
यूडीआईएन : 21501615AAAABQ3802

इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड
सीआईएन : U45400DL2015GOI280017
31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. इक्विटी शेयर पूंजी (31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु) (रूपए करोड में)

विवरण	राशि
1 अप्रैल 2019 को शेष	150.00
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	-
31 मार्च, 2020 को शेष	150.00
वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	-
31 मार्च, 2021 को शेष	150.00

ख. अन्य इक्विटी

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु (रूपए करोड में)

विवरण	आरक्षित निधि व अतिरेक			अन्य वृहत आय की मदें	कुल
	सामान्य आरक्षित निध	प्रतिधारित आमदनी	पूंजी रिडैम्पशन आरक्षित निधि	विदेशी प्रचालन के वित्तीय विवरण के अंतरण पर विनिमय अंतर	
1 अप्रैल 2019 को शेष	-	(31.36)	-	-	(31.36)
लेखांकन नीति एंव पूर्व अवधि त्रुटियों में परिवर्तन	-	-	-	-	-
1 अप्रैल 2019 को शेष (पुन निर्धारित)	-	(31.36)	-	-	(31.36)
वर्ष हेतु लाभ/(हानि)	-	(30.83)	-	-	(30.83)
अन्य वृहत आय					-
निर्धारित लाभ योजना का पुनर्मापन	-	-	-	-	-
विदेशी विनिमय अंतरण अंतर	-	-	-	-	-
वर्ष हेतु कुल वृहत आय	-	(30.83)	-	-	(30.83)
प्रदत्त लाभांश	-	-	-	-	-
लाभांश संक्तिरण कर	-	-	-	-	-
31 मार्च 2020 को शेष	-	(62.19)	-	-	(62.19)

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु (रूपए करोड में)

विवरण	आरक्षित निधि व अतिरेक			अन्य वृहत आय की मदें	कुल
	सामान्य आरक्षित निध	प्रतिधारित आमदनी	पूंजी रिडैम्पशन आरक्षित निधि	विदेशी प्रचालन के वित्तीय विवरण के अंतरण पर विनिमय अंतर	
1 अप्रैल 2020 को शेष	-	(62.19)	-	-	(62.19)
लेखांकन नीति एंव पूर्व अवधि त्रुटियों में परिवर्तन	-	-	-	-	-
1 अप्रैल 2020 को शेष (पुन निर्धारित)	-	(62.19)	-	-	(62.19)
वर्ष हेतु लाभ/(हानि)	-	(14.06)	-	-	(14.06)
अन्य वृहत आय					-
निर्धारित लाभ योजना का पुनर्मापन	-	-	-	-	-
विदेशी विनिमय अंतरण अंतर	-		-	-	-
अवधि हेतु कुल वृहत आय	-	(14.06)	-	-	(14.06)
प्रदत्त लाभांश	-	-	-	-	-
लाभांश संक्तिरण कर	-	-	-	-	-
31 मार्च 2021 को शेष	-	(76.25)	-	-	(76.25)

कृते पी.आर.कुमार एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं:003186एन

(योगेश कुमार मिश्रा
अध्यक्ष
डीआईएन: 07654014

(सुरजीत दत्ता)
निदेशक
डीआईएन: 06687023

(सीए दीपक श्रीवास्तव)
साझेदार
सं.सं: 501615

(मसूद अहमद नजर)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(संजीव कुमार गुप्ता)
मुख्य वित्त अधिकारी

(इटी माटा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 22.06.2021

1. निगमित सूचना

इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है जो इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और यह कंपनी भारत में स्थित है । कंपनी का निगमन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार के निबंधन और शर्तों के अनुसार डीबीएफओटी (अभिकल्प, निर्माण, वित्तीयन, प्रचालन, और हस्तांतरण आधार पर मध्यप्रदेश राज्य में पर राष्ट्रीय राजमार्ग-**03** के किमी 236.000 से किमी 332.100 **(**स्टेज-**1)** के शिवपुरी - गूना खंड को चार लेन का बनाने" के लिए किया गा है। अनुरोध प्रस्ताव" के प्रावधानों के अनुसार, चयनित बोलीदाता 'इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड' ने दिनाक 12 मई, 2015 को इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड के नाम से एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन किया है। तदनुसार, इरकॉन एसजीटीएलप ने दिनांक 15 जून 2015 को एनएचएआई के साथ रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 20 वर्ष की रियायत अवधि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित नियुक्ति तिथि यथा 25 जनवरी 2016 को आरंभ हुई थी। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय सी-4, डिस्ट्रिक्ट केंद्र, साकेत, नई दिल्ली-110017 में स्थित है।

कंपनी की प्रस्तुति और कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपये (आईएनआर) है। वित्तीय विवरणों में आंकड़े करोड़ में प्रस्तुत किए गए हैं, और प्रति शेयर डेटा और अन्यथा जहां उल्लेख किया गया है, को छोड़कर इसे दो दशमलव तक पूर्णांकित करके प्रस्तुत किया गया है।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

2.1 तैयार करने का आधार

i. कम्पनी के वित्तीय विवरणों का निर्माण कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक¬) नियमावली, 2015 (समय समय पर यथासंशोधित) के नियम 3 के साथ पठनीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 (इंड एएस अनुपालन अनुसूची 3) की अनुसूची-3 के भाग-2, वित्तीय विवरणों के संबंध में लागू, सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों का अनुसरण करके किया गया है।

ii. वित्तीय विवरणों का निर्माण गोइंग कंसर्न आधार पर प्रोद्भवन लेखांकन प्रणाली का अनुसरण करके किया गया है। कम्पनी ने परिसम्पतियों एवं देयताओं के लागत आधार के लिए ऐतिहासिक लागत को स्वीकार किया है जो उचित मूल्य पर मापन की गई निम्नलिखित परिसम्पतियों एवं देयताओं के अलावा है:-

- प्रावधान, जहां धन का समय मूल्य सामग्रीगत है वहां मापन वर्तमान मूल्य पर किया गया है।
- कतिपय वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं का मापन उचित मूल्य पर किया गया है।
- परिभाषित लाभ योजना तथा अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ।

2.2 चालू एवं गैर-चालू वर्गीकरण

i. कम्पनी द्वारा तुलन पत्र में परिसम्पतियों एवं देयताओं की प्रस्तुति चालू/गैर-चालू वर्गीकरण के आधार पर गई है।

ii. किसी परिसम्पति को चालू तब माना जाता है जब:

- सामान्य परिचालन क्रम में बेची जानी हो अथवा बेचने के लिए आशित हो अथवा उपयोग किया जाना हो
- जो मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारित की गई है।
- जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर बेची जानी संभावित हो।
- यदि विनिमय अथवा रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम बारह माह में किसी देयता के निपटान के लिए उपयोग के लिए नहीं है तो रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य।

i. कम्पनी ने अन्य सभी परिसम्पतियों का वर्गीकरण गैर-चालू परिसम्पति के रूप में किया है।

ii. कोई देयता चालू तब होती है जब:

- उसका समाधान सामान्य प्रचालन क्रम में किया जाना हो।
- जो मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारित की गई है।
- जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के भीतर समाधान की जानी संभावित हो।
- जिसके प्रति रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति के पश्चात कम से कम बारह माह के लिए किसी देयता के समाधान को आस्थगित करने का अप्रतिबंधित अधिकार प्राप्त न हो।

iii. कम्पनी ने अन्य सभी देयताओं का वर्गीकरण गैर-चालू देयता के रूप में किया है।

iv. आस्थगित कर परिसम्पतियों एवं देयताओं का वर्गीकरण गैर-चालू परिसम्पति एवं देयताओं के रूप में किया गया है।

v. परिचालन क्रम प्रस्संकरण के लिए अधिगृहित गई परिसम्पतियों एवं रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य से होने वाली प्राप्ति के मध्य का समय काल है। कम्पनी ने परिचालन क्रम के लिए 12 माह निश्चित किए हैं।

2.3 रोकड प्रवाह विवरण

रोकड़ प्रवाह विवरण को अप्रत्यक्ष विधि का प्रयोग करते हुए प्रस्तुत किया जाता है, जिसके द्वारा गैर-रोकड़ प्रकृति के संव्यवहारों तथा भावी रोकड़ प्राप्तियों या भुगतानों के किसी आस्थगित या बीमांकक के संव्यवहारों को प्रभावित करने से पूर्व लाभ/(हानि को) समायोजित किया जाता है। कंपनी के प्रचालन, निवेश तथा वित्तीय गतिविधियों को उपलब्ध सूचना के आधार पर पृथक किया जाता है।

2.4 सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण

i. स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

- सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण की स्वीकृति तब की जाती है जब ऐसी मद से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना हो तथा प्रत्येक मद का कापन विश्वसनीय रूप से किया जा सकता हो। सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का प्रारंभिक मापन लागत पर किया जाता है।

परिसंपत्ति की लागत में शामिल है -

परिसम्पति की लागत में निम्नलिखित शामिल होता है:

क) क्रय मूल्य, किसी व्यापार छूट एवं रियायत का निवल

ख) ऋण लागतें यदि पूंजीयन मापदंड पूरे किए गए हैं

ग) परिसम्पति के अधिग्रहण से प्रत्यक्ष सम्बद्ध लागत जिसका वहन परिसम्पति को प्राप्त करने एवं आशित उद्देश्य से कार्यशील बनाने के लिए किया गया है।

घ) निर्माण अवधि के दौरान अप्रत्यक्ष निर्माण के भाग के रूप में पूंजीयन किए गए आनुषंगिक व्यय जो निर्माण से संबंधित व्यय से प्रत्यक्ष संबंधित है अथवा उसके संबंध में आनुषंगिक हैं।

ङ) यदि स्वीकृति मापदंड पूरे किए गए हैं तो मदों को अलग अलग करने तथा हटाए जाने तथा स्थल नवीकरण करने की अनुमानित लागत का वर्तमान मूल्य

फ्रीहोल्ड भूमि का वहन ऐतिहासिक लागत पर किया गया है।

ii. अनुवर्ती मापन

- सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का अनुवर्ती मापन संचित मूल्य ह्रास एवं संचित अक्षमता हानियों, यदि कोई हों, के साथ लागत पर किया जाता है। अनुवर्ती व्यय का पूंजीयन तब किया जाता है जब ऐसे व्यय से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ कम्पनी को प्राप्त होने की संभवना हो तथा व्यय की लागत का मापन विश्वसनीयता के साथ किया जा सकता हो।
- दीर्घकालिक निर्माण परियोजना के लिए प्रतिस्थापना, प्रमुख जांच, महत्वपूर्ण पूर्जों की मरम्मत तथा ऋण लागतों का पूंजीयन स्वीकृति मापदंड पूरे होने पर किया जाता है।
- मशीनरी के अतिरिक्त पूर्जों का पूंजीयन स्वीकृति मापदंड पूरे होने पर किया जाता है।

iii. मूल्यह्रास एवं उपयोज्यता काल

- सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण का मूल्यह्रास, बिना मिआद वाले पट्टे पर प्राप्त फ्रीहोल्ड भूमि एवं पट्टाधारित भूमि को छोड़कर, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची में निर्दिष्ट परिसम्पतियों के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार सीधी रेखा आधार पर किया गया है।

विवरण	**प्रयोग उपयोगी जीवनकाल (वर्ष)**
भवन/फ्लैट आवासीय/ गैर-आवासीय	60
संयंत्र एवं मशीनरी	8-15
सर्वेक्षण उपकरण	10
कम्प्यूटर्स	3-6
कार्यालय उपकरण	5 -10
फर्नीचर एवं जुड़नार	10
कारवां, कैम्प एवं अस्थाई शैड	3-5
वाहन	8-10

अवधि के दौरान आनुपातिक आधार पर परिसम्पति के उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तिथि से निपटान किए जाने की तिथि तक पर सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण में किए गए आवर्धन / घटाव का मूल्यह्रास आनुपातिक आधार पर किया गया है।

- सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण के प्रत्येक भाग का मूल्यह्रास, यदि भाग मद की लागत के योग के संबंध में महत्वपूर्ण है तथा ऐसे भाग का उपयोज्यता काल शेष परिसम्पतियों के उपयोज्यता काल से भिन्न है, अलग से लागत पर किया गया है। मिआद मुक्त पट्टे पर प्राप्त की गई पट्टाधारित भूमि का परिशोधन नहीं किया गया है।

- अवधि के दौरान अधिगृहित की गई सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, जिनकी अलग अलग लागत 5000/- रूपए है, का पूर्ण मूल्यह्रास निर्धारण के तौर पर 1 रूपए के टोकन मूल्य के साथ कर लिया गया है। तथापि, कर्मचारियों को उपलब्ध करवाए गए मोबाइल फोन, उनके मूल्य को संज्ञान में लिए बिना, लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किए गए है।

- मूल्यह्रास विधियां, उपयोज्यता काल एवं अवशेष मूल्य की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है तथा उचित समझे जाने की स्थिति में उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन किए जाते है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 2 में किए गए उल्लेख के अनुसार ''सामान्यतः किसी परिसम्पति का अवशेष मूल्य परिसम्पति की लागत से 5 प्रतिशत तक होता है।''

iv. स्वीकृति समाप्ति

- सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण की किसी मद तथा उसके विशिष्ट भाग की प्रारंभिक स्वीकृति की स्वीकृति समाप्ति उसका निपटान किए जाने तथा तथा उसके निपटान से भविष्य में उससे किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त न होने की संभावना होने पर किए जाते है। किसी परिसम्पति की स्वीकृति समाप्ति से प्राप्त होने लाभ अथवा हानि (निपटान से प्राप्त धन तथा परिसम्पति की वहन राशि के अंतर के अनुसार आकलन) को परिसम्पति की स्वीकृति समाप्त होने पर लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

2.5 पूंजीगत कार्य प्रगति पर

पूंजीगत कार्य प्रगति पर से पूंजीगत परियोजनाओं के संबंध में किए गए व्यय एवं लागत शून्य संचित अक्षमता हानि, यदि कोई हो, पर अग्रेशित किए गए व्यय प्रतिबिंबित होते हैं।

2.6 निवेश परिसम्पतियां

i. स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

- निवेश सम्पति की स्वीकृति सम्पति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभों की प्राप्ति कम्पनी को होने तथा सम्पति का मापन विश्वसनीय रूप से कर लिए जाने की संभावना होने पर की जाती है।

- निवेश परिसम्पति में पूर्ण सम्पति, निर्माणाधीन सम्पति तथा पट्टे पर धारित वह सम्पति शामिल है जिसका धारण साधारण व्यावसायिक प्रक्रिया में बिक्री किए जाने अथवा उत्पादन अथवा प्रशासनिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग में लाए जाने के स्थान पर किराया अथवा पूंजी लाभ अथवा दोनों अर्जित करने के लिए किया गया है। निवेश सम्पतियों का प्रारंभिक मापन संव्यवहार लागतों सहित लागत पर किया जाता है।

- लागत वह राशि है जो नकद अथवा नकद समतुल्य के रूप में अथवा अन्य क्रियाओं के उचित मूल्य पर किसी सम्पति का अधिग्रहण करने अथवा निर्माण अथवा, जो भी लागू हो, के समय चुकता की जाती है, ऐसी सम्पति से सम्बद्ध राशि की प्रारंभिक स्वीकृति अन्य इंड एएस की विशिष्ट अपेक्षाओं के अनुसार की जाती है।

ii. अनुवर्ती मापन एवं मूल्यह्रास

- निवेश सम्पतियों की प्रस्तुति संचित मूल्य ह्रास एवं संचित अक्षमता हानि,यदि कोई हैं, को घटाकर लागत पर की गई है। अनुवर्ती लागत को स्वीकृत मापदंड पूरे होने पर ही जोड़ा गया है। कम्पनी निवेश सम्पति के भवन घटक का मूल्य ह्रास क्रय / निर्माण की मूल तिथि से 60 वर्षों में सीधी रेखा आधार पर करती है। निर्माणाधीन फ्रीहोल्ड भूमि एवं सम्पति का परिशोधन नहीं किया गया है।

- बिना मिआद वाले पट्टे पर प्राप्त पट्टाधारित भूमि का परिशोधन नहीं किया गया है।

- निवेश सम्पति के अवशेष मूल्यों, उपयोज्यता काल एवं मूल्यह्रास की विधियों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है तथा उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन, यदि उचित हों, किए जाते हैं।

- कम्पनी अपनी निवेश सम्पति का मापन लागत आधारित मापन के आधार पर करती है, तो भी निवेश सम्पति के उचित मूल्य का प्रकटीकरण टिप्पणियों में किया गया है। उचित मूल्य

का निर्धारण वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर अधिकृत बाह्य स्वतंत्र मूल्यांककों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य मूल्यांकन मॉडल के अनुसार किया जाता है।

iii. स्वीकृति समाप्ति

निवेश सम्पतियों की स्वीकृति या तो तब समाप्त की जाती है जब उनका निपटान किया जाता है अथवा तब की जाती है जब वे स्थाई रूप से उपयोग में नहीं लाई जाती है तथा उनके निपटान से किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना नहीं होती है। निवल निपटान प्राप्यों, यदि कोई हों, तथा परिसम्पति की वहन राशि के मध्य के अंतर को स्वीकृति समाप्त किए जाने की अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

2.6 अमूर्त परिसम्पतियां

i. स्वीकृति एवं प्रारंभिक मापन

- अमूर्त परिसंपत्तियों की स्वीकृति तब की जाती है जब ऐसी परिसम्पति से संबद्ध भावी आर्थिक लाभ कम्पनी को प्राप्त होने की संभावना हो तथा परिसम्पति का मापन विश्वसनीयता से किया जा सकता हो। अलग से अधिगृहित की गई अमूर्त परिसम्पतियों का लागत पर प्रारंभिक मापन किया जाता है। लागत में क्रय मूल्य, ऋण लागत, यदि पूंजीयन के मापदंड पूर्ण किए गए हैं, तथा परिसम्पति को आशित उद्देश्य से कार्यशील बनाने के लिए किए गए व्यय शामिल होते हैं। आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त परिसम्पतियांे, पूंजीयन की गई विकास लागतों के अलावा, तथा सम्बद्ध व्यय की प्रस्तुति उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिस अवधि में व्यय किया गया है। तुलन पत्र तिथि को आशित उपयोग के तैयार न हुई अमूर्त परिसम्पतियों का प्रकटीकरण ''विकासाधीन अमूर्त परिसम्पतियां'' के रूप में किया गया है।

ii. अनुवर्ती मापन एवं परिशोधन

अमूर्त परिसम्पतियों की प्रारंभिक स्वीकृति के लिए संचित परिशोधन एवं संचित अक्षमता हानियों,यदि कोई हों, को कम करके उनकी लागत का वहन किया जाता है। प्रत्येक मामले में 1 लाख रूपए मूल्य तक साफ्टवेयर का परिशोधन क्रय के वर्ष में निर्धारण के लिए 1 रूपए के टोकन मूल्य के साथ किया जाता है।

- पूंजीगत साफ्टवेयर का परिशोधन अधिग्रहण किए जाने की तिथि से 36 माह में किया जाता है।

- अवधि के दौरान अमूर्त परिसम्पतियों में होने वाले आवर्धन / घटाव का परिशोधन करके उसे आनुपातिक आधार पर परिसम्पति उपलब्ध की तिथि से / निपटान की तिथि तक प्रभारित किया जाता है।

- परिशोधन विधियों, उपयोज्यता काल एवं अवशेष मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में की जाती है तथा उचित समझे जाने पर उत्तरव्यापी प्रभाव से समायोजन किए जाते हैं।

iii. स्वीकृति समाप्ति

- अमूर्त परिसम्पतियों की स्वीकृति या तो तब समाप्त की जाती है जब उनका निपटान किया जाता है अथवा तब की जाती है जब वे स्थाई रूप से उपयोग में नहीं लाई जाती है तथा उनके निपटान से किसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना नहीं होती है। अमूर्त परिसम्पतियों की स्वीकृति समाप्त किए जाने पर प्राप्त होने वाले लाभ अथवा हानि का मापन निवल निपटान प्राप्यों, यदि कोई हों, तथा परिसम्पति की वहन राशि के मध्य के अंतर को स्वीकृति समाप्त किए जाने की अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है।

iv. टोल एकत्रण अधिकार (टोल रोड सेवा रियायत करार)

क) निर्माण-प्रचालन-अंतरण(बीओटी) आधार पर सार्वजनिक निजी व्यवस्थाओं (पीपीए) के संबंध में, अमूर्त परिसंपत्तियों अर्थात टोल/टैरिफ को एकत्र करने का अधिकार तब स्वीकृत होत है जब कंपनी को टोल/टैरिफ वसूलने के अधिकार दिए गए हों। ऐसी सार्वजनिक सेवाओं और इस तरह के अधिकारों के उपयोगकर्ता नकद या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति को प्राप्त करने के लिए कंपनी पर बिना शर्त के अधिकार नहीं देते हैं और जब यह संभावित होता है कि अधिकारों से जुड़े भावी आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेंगे।

ख) कंपनी एक सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे (निर्माण या उन्नयन सेवाओं) का निर्माण करती है या निर्दिष्ट अवधि के लिए उस बुनियादी ढांचे (प्रचालन सेवाओं) का प्रचालन और अनुरक्षण करती है। इन व्यवस्थाओं में सार्वजनिक-से-निजी सेवा रियायत व्यवस्था में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को इसके संपूर्ण उपयोगी जीवनकाल के लिए शामिल किया जा सकता है।

ग) रियायत समझौतों के तहत, जहां कंपनी को सार्वजनिक सेवा के उपयोगकर्ताओं को प्रभारित करने का अधिकार मिला है, ऐसे अधिकारों को इंड एएस 115 - सेवा रियायत व्यवस्था के परिशिष्ट-ग के अनुसार "अमूर्त परिसंपत्तियों" के रूप में स्वीकार और वर्गीकृत किया जाता है।

घ) धनराशि प्राप्त करने का इस प्रकार का अधिकार बिनाशर्ता अधिकार नहीं होता है क्योंकि यह मात्रा

उस सीमा तक आकस्मिक है कि जनता सेवा का उपयोग किस स्तर तक करती है और इस प्रकार इसे अमूर्त संपत्ति के रूप में स्वीकार और वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह की अमूर्त संपत्ति को कंपनी द्वारा लागत पर स्वीकार किया जाता है (जो प्रस्तुत निर्माणत सेवाओं के लिए प्राप्त या प्राप्य उचित मूल्य है) और इसे तब पूंजीकृत किया जाता है जब परियोजना सभी मामलों में पूर्ण होती है और जब कंपनी रियायत समझौते में निर्दिष्ट अनुसार प्राधिकरण से परियोजना पूरा होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करती है।

ड.) रियायत व्यवस्था के तहत ली गई संपत्ति को निपटान पर या उसके भविष्य के उपयोग या निपटान से कोई भविष्य के आर्थिक लाभ की आशा नहीं की जाती है।

च) सेवा रियायत की व्यवस्था जो अमूर्त संपत्ति की परिभाषा को पूरा करती है, संचयी निर्माण लागत पर स्वीकार की जाती है। परियोजना के निर्माण के पूरा होने तक, इस तरह की व्यवस्था को "विकास के तहत अमूर्त संपत्ति" के रूप में स्वीकार किया जाता है और संचयी निर्माण लागत पर मान्यता प्राप्त होती है।

छ) सेवा रियायत व्यवस्था में एक अमूर्त संपत्ति का अनुमानित उपयोगी जीवन वह अवधि है जहां से कंपनी रियायत अवधि के अंत तक बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए जनता को चार्ज करने में सक्षम है।

ज) टोल एकत्रण अधिकार को रियायती अवधि की समाप्ति के लिए सेवा में लाए गए अधिकार के अतिमरिक्त या उक्त तिथि से प्रो-राटा के आधार पर सीधी रेखा पद्धति का उपयोग करके परिशोधित किया जाता है।

झ) परिशोधन के तरीकों और उपयोगी जीवनकाल की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि में की जाती है, जिसमें अनुमानित आधार पर अनुमानित परिवर्तन किए जाते हैं।

ट) अमूर्त परिसंपत्ति के वहन मूल्य की प्रतिवर्ष या उससे अधिक बार हानि के लिए समीक्षा की जाती है यदि घटनाओं या परिस्थितियों में परिवर्तन यह दर्शाता है कि वहन मूल्य पुनर्प्राप्त करने योग्य नहीं है।

2.8 **नकद एवं नकद समतुल्य**

नकद एवं नकद समतुल्य में नकदी, बैंकों में जमा नकदी एवं अल्पकालिक जमा जिनकी मूल परिपक्वता तीन माह अथवा कम है तथा जो नकदी की ज्ञात राशियों के लिए तत्काल परिवर्तित किए जा सकते हैं तथा जो मूल्य में परिवर्तन के प्रति महत्वपूर्ण जोखिम के अध्याधीन हैं।

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी एवं नकदी समतुल्यों में ऊपर दी गई परिभाषा के अनुसार अप्रबंधित नकदी एवं अल्पकालिक जमा शामिल किए गए हैं क्योंकि उन्हें कम्पनी के रोकड़ प्रबंधन का अभिन्न अंग माना गया है।

2.9 प्रावधान, आकस्मिक परिसम्पतियां एवं आकस्मिक देयताएं

i) प्रावधान

(क) प्रावधान को स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप कम्पनी का कोई वर्तमान दायित्व (विधिक अथवा तर्कसाध्य) हो तथा ऐसी संभावना हो कि दायित्व के निपटान, जिसके संबंध में विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सकते हैं, के लिए संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित है। प्रावधान के रूप में स्वीकृत राशि रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के निपटान के लिए अपेक्षित विचार, दायित्व से जुड़े जोखिम एवं अनिश्चितताओं पर विचार, के पश्चात आंके गए उत्तम अनुमान के अनुसार होती है।

(ख) जब धन के समय मूल्य का वस्तुगत होने की संभावना होती है तो प्रावधान राशि को दायित्व से सम्बद्ध जोखिम की प्रस्तुति करने वाली,जब उचित हो, पूर्व कर दर के उपयोग से कम कर दिया जाता है। समय के परिवर्तन को वित्त लागत के रूप में विचार में लिए जाने के कारण डिस्काउंटिंग के उपयोग के पश्चात प्रावधान अधिक कर दिए जाते हैं।

(ग) कम्पनी द्वारा स्वीकृत किए जाने वाले प्रावधानों में अनुरक्षण, विघटन, डिजाइन गारंटी, विधिक मामले, निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर), दुर्वह संविदा एवं अन्य शामि

ii) दुर्वह संविदाएं

(क) दुर्वह संविदा वह संविदा है जिसमें संविदा के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने की वे अपरिहार्य लागतें (अर्थात वे लागतें जिनकी संविदा के कारण कम्पनी अनदेखी नहीं कर सकती है) आती हैं जो उससे प्राप्त होने वाले संभावित आर्थिक लाभों से अधिक होती हैं। किसी संविदा के अंतर्गत अपरिहार्य लागतें संविदा की विद्यमान न्यूनतम लागत की प्रस्तुति करते हैं जो इसके निष्पादन की लागत एवं इसे निष्पादित न किए जाने के मुआवजे अथवा उत्पन्न होने वाली शास्तियों से कम हैं। यदि कम्पनी की कोई दुर्वह संविदा है तो संविदा के अंतर्गत दायित्व की स्वीकृति एवं मापन के लिए प्रावधान किए जाते हैं। तथापि, दुर्वह संविदा के लिए अलग प्रावधान करने से पूर्व कम्पनी किसी अक्षमता हानि की स्वीकृति करती है जो ऐसी संविदा के लिए नियत की गई परिसम्पतियों के संबंध में हुई है।

(ख) इन अनुमानों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में करके चालू उत्तम अनुमान के अनुसार समायोजन प्रस्तुत किए गए हैं।

iii) आकस्मिक देयताएं

(क) ऐसे आकस्मिक दायित्वों के संबंध में प्रकटीकरण किया जाता है जब संभावित दायित्व अथवा वर्तमान दायित्वांे के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह अपेक्षित होने होने की संभावना होती है, परन्तु नहीं भी हो सकती है, अथवा ऐसे दायित्वों की राशि का मापन विश्वसनीयता से नहीं किया जा सकता है। जब किसी संभावित दायित्व

अथवा विद्यमान दायित्व के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बर्हिप्रवाह होने की संभावना काफी होती है तो कोई प्रावधान अथवा प्रकटीकरण नहीं किए जाते हैं।

(ख) इनकी समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को की जाती है तथा चालू उत्तम अनुमानों के अनुसार इनका समायोजन किया जाता है।

iv) आकस्मिक परिसम्पतियां

आकस्मिक परिसम्पतियों की स्वीकृति नहीं की जाती है अपितु आर्थिक लाभों के प्रवाह की विश्वसनीयता होने पर इनका प्रकटीकरण किया जाता है।

2.10 राजस्व स्वीकृति

i. कंपनी इंड एएस--115 के अनुसार "ग्राहकों से साथ अनुबंध से राजस्व" के अनुसार निर्माण से राजस्व को स्वीकार करती है और मापती है।

ii. संव्यवहार मूल्य (इसमें महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक शामिल नहीं है) वह मूल्य है जो सेवाओं के प्रावधान के लिए ग्राहक के साथ अनुबंधित है। राजस्व को संव्यवहार के मूल्य पर मापा जाता है जो निष्पादन दायित्व के लिए आवंटित किया जाता है और इसमें तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशि शामिल नहीं है अर्थात जीएसटी और इसे परिवर्ती राशि हेतु समायोजित किया जाता है।

iii. कंपनी के अनुबंध की प्रकृति कई प्रकार के परिवर्तनशील प्राप्तियों को सृजित करती है, जिसमें वृद्धि और तरलता हानि शामिल हैं।

iv. लेन-देन की कीमत में कोई भी परिवर्तन अनुबंध में निष्पादन दायित्वों के लिए उसी आधार पर आवंटित किया जाता है, जो अनुबंध की निर्धारण के समय होता है।

v. कंपनी परिवर्तनीय विचार के लिए राजस्व को चिह्नित करती है, जब यह संभावना है कि मान्यता प्राप्त राशि में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा। कंपनी अनुमानित मूल्य या सबसे अधिक संभावना राशि पद्धति का उपयोग करके परिवर्तनशील राशि के रूप में राजस्व की राशि का अनुमान लगाती है।

vi. इसके परिणामस्वरूप, एक संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए आवंटित राशि को राजस्व के रूप में या राजस्व की कमी के रूप में पहचाना जाता है, जिस अवधि में लेनदेन में परिवर्तन होता है।

vii. निम्नलिखित मापदंड पूर्ण होने की स्थिति में ही कम्पनी द्वारा किसी निष्पादन दायित्व को पूर्ण कर लिया माना जाता है तथा समयानुकूल राजस्व स्वीकृति की जाती हैः

- इकाई की निष्पादन क्रिया में प्रदान किए गए इकाई के निष्पादन ग्राहक को साथ साथ प्राप्त हुए हैं तथा उनके लाभों का उपयोग कर लिया गया है।
- इकाई द्वारा किए गए निष्पादन से किसी परिसम्पति (उदाहरणतः, कार्य प्रगति पर) का सृजन अथवा संवर्धन हुआ है तथा परिसम्पति के सृजन अथवा संवर्धन के साथ साथ ग्राहक को नियंत्रण प्राप्त हो गया है अथवा
- इकाई के निष्पादन से इकाई द्वारा किसी वैकल्पिक उपयोग के लिए किसी परिसम्पति का सृजन नहीं हुआ है तथा इकाई के पास निष्पादन पूरा किए जाने की तिथि तक के लिए भुगतान का प्रवर्तनीय अधिकार है।

viii. समय के साथ संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए राजस्व स्वीकृति] निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि के प्रतिशत समापन विधि का प्रयोग करके प्रगति के मापन द्वारा किया जाता है। निष्पादन दायित्व के कारण कुल अनुमानित लागत के लिए आज तक की वास्तविक लागत के अनुपात के अनुसार प्रगति को मापा जाता है।

ix. निष्पादन दायित्व को इनपुट पद्धति लागू करके मापा जाता है। उन संविदाओं में जहां निष्पादन दायित्व को इनपुट विधि द्वारा नहीं मापा जा सकता है वहां आउटपुट पद्धति लागू की जाती है, जो निष्पक्ष रूप से निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि के प्रति कंपनी के निष्पादन को दर्शाता है।

x. संविदा आशोधनों को तब लेखांकित किया जाता है जब संविदा विलोपन या परिवर्तन को अनुबंध के दायरे या अनुबंध मूल्य के लिए अनुमोदित किया जाता है।

xi. संविदाओं में संशोधन के लेखांकन में यह आकलन है चाहे मौजूदा संविदा में जोड़ी गई सेवाएं भिन्न हैं और चाहे मूल्य निर्धारण बिक्री मूल्य पर है। जोड़ा गया सेवाएं जो भिन्न नहीं हैं उनका संचयी कैच-अप आधार पर लेखांकन किया जाता है जबकि जो भिन्न होते हैं उन्हें या तो एक अलग संविदा के रूप में देखा जाता है यदि अतिरिक्त सेवाओं की कीमत स्टैंडअलोन विक्रय मूल्य पर या मौजूदा अनुबंध की समाप्ति के रूप में लगाई जाती है।

xii. संविदा शेष

- संविदा परिसम्पतियां: किसी संविदा परिसम्पति के संबंध में ग्राहक को प्रतिफल के विनिमय के प्रति माल एवं सेवाओं का अंतरण का अधिकार प्राप्त है। यदि कम्पनी द्वारा ग्राहक के लिए किया जाने वाला निष्पादन माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए ग्राहक द्वारा प्रतिफल दिए जाने से पूर्व अथवा प्रतिफल देय होने से पूर्व किया जाता है तो संविदा परिसम्पति की स्वीकृति अर्जित प्रतिफल, जो सशर्त है, के लिए की जाती है।

- व्यापार प्राप्य: प्राप्य से कम्पनी का किसी प्रतिफल के रूप में किसी राशि की प्राप्ति का अधिकार अभिप्रेत है जो किसी शर्त के बिना है (अर्थात प्रतिफल के भुगतान से पूर्व केवल थोड़ा समय अपेक्षित होता है)।

- संविदागत दायित्व: संविदागत दायित्व वे दायित्व हैं जो कम्पनी को ग्राहक से प्राप्त प्रतिफल (अथवा प्रतिफल की कोई देय राशि) के प्रति ग्राहक को माल एवं सेवाओं के अंतरण के लिए हैं। यदि कोई ग्राहक कम्पनी द्वारा माल एवं सेवाओं का अंतरण ग्राहक को करने से पूर्व प्रतिफल का भुगतान करता है तो संविदा दायित्व की पूर्ति भुगतान किए जाने पर अथवा भुगतान देय होने पर (जो भी पहले हो) होती है। संविदागत देयताों की राजस्व में स्वीकृति तब की जाती है जबकि कम्पनी द्वारा संविदा के प्रति निष्पादन कर लिया जाता है।

ग) टोल एकत्रण से राजस्व

कंपनी टोल एकत्रक को तब स्वीकार करती है जबकभी इसे संव्यवहार मूल्य पर एकत्र किया जाता है यथा प्रयोग शुल्क, जो कि तीसरे पक्षों की ओर से एकत्र राशि से अलग है।

घ) अन्य आय

- लाभांश आय की स्वीकृति भुगतान प्राप्ति का अधिकार स्थापित होने पर की गई है।

- ब्याज आय की स्वीकृति प्रभावी ब्याज दर के उपयोग से की गई है।

- विविध आय की स्वीकृति निष्पादन दायित्व पूरे कर लिए जाने तथा संविदा शर्तों के अनुसार आय की प्राप्ति का अधिकार प्राप्त होने पर की गई है।

2.11 गैर-वित्तीय परिसम्पतियों का परिशोधन

i. प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को कम्पनी द्वारा मूल्यांकन करके किसी परिसम्पति को परिशोधित करने अथवा किसी परिसम्पति का वार्षिक परिशोधन परीक्षण किए जाने की अपेक्षा होने के संकेत ज्ञात करके ऐसी परिसम्पतियों से वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाए जाते हैं। किसी परिसम्पति की वसूली योग्य राशि किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट (सीजीयू) के उचित मूल्य, निपटान की लागत को घटाकर, तथा उसके उपयोग मूल्य से अधिक होती है। यदि कोई परिसम्पति ऐसी रोकड़ उत्पति यूनिट नहीं है जो परिसम्पतियों अथवा परिसम्पतियों के समूह से पूरी तरह भिन्न हो तो किसी वैयक्तिक परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के निर्धारण किए जाते हैं। जब किसी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वहन राषि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो परिसम्पति को परिशोधित मान लिया जाता है तथा उसकी मालसूचियों के परिशोधन सहित उसकी वसूलीयोग्य राशि एवं परिशोधन हानि को ह्रासित करके लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति की जाती है।

ii. उपयोग मूल्य के मूल्यांकन पूर्व-कर छूट दर, जिससे धन के समय मूल्य के चालू बाजार मूल्यांकन एवं परिसम्पति से संबद्ध जोखिम प्रस्तुत होते हैं, के उपयोग से उसके वर्तमान को अनुमानित रोकड़ प्रवाह से कम करके किए जाते हैं।

iii. साख के अलावा परिसम्पतियों का मूल्यांकन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को यह निर्धारण करने के लिए किया जाता है कि क्या संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि के संकेत अभी भी हैं अथवा वे कम हो गए हैं। यदि ऐसे संकेत होते हैं तो कम्पनी परिसम्पति अथवा रोकड़ उत्पति यूनिट की वसूली योग्य राशि के अनुमान लगाती है। संज्ञान में ली जा चुकी अक्षमता हानि का व्युत्क्रमण तभी किया जाता है जब पहले आंकी गई अक्षमता हानि के पश्चात से परिसम्पति की वसूलीयोग्य राशि के लिए लगाए गए अनुमानों में किसी प्रकार के परिवर्तन प्रतीत हों। व्युत्क्रमण सीमित होते हैं जिससे कि परिसम्पति की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से न तो अधिक हो और न ही यह पूर्वावधि की परिसम्पति से संबंधित अक्षमता हानि न होने की स्थिति में निर्धारित की जाने वाली वहन राशि, मूल्यह्रास का निवल, से अधिक न हो सके। ऐसे व्युत्क्रमण लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किए जाते हैं।

2.12 मालसूचियां

i) मालसूचिया (स्क्रैप सहित) का मूल्यन उनकी न्यून लागत एवं निवल प्राप्य मूल्य पर आंका जाता है। लागत में मालसूचियों को वर्तमान स्थल एवं स्थिति में लाने के लिए व्यय की गई

क्रय लागत, परिवर्तन लागत एवं अन्य लागतें शामिल होती हैं। लागत का निर्धारण प्रथम आवक प्रथम जावक (एफआईएफओ) आधार पर किया जाता है। व्यापार की साधारण प्रक्रिया में निवल वसूलीयोग्य मूल्य पूर्णता लागतों तथा बिक्री के लिए आवश्यक अनुमानित के अनुमान को घटाकर आंका गया अनुमानित बिक्री मूल्य है।

ii) निर्माण कार्य प्रगति पर का मूल्यन ऐसे समय तक के लिए लागत पर किया गया है जब तक कार्य से प्राप्त होने वाले प्रतिफल का विश्वसनीय रूप से पता नहीं चलता है।

iii) नई परियोजनाओं पर संचलन के लिए किए गए प्रारंभिक संविदा व्यय को संबंधित वर्ष में निर्माण कार्य प्रगति पर के रूप में स्वीकृति दी गई है तथा उसे आनुपातिक आधार पर परियोजना के लाभ एवं हानि विवरण में रिपोर्टिंग अवधि के अंत संविदा के पूर्ण होने के चरण के समान प्रतिशत पर संबंधित अवधि में प्रभारित किया गया है। स्थल संचलन व्यय का बट्टा करने के स्थान पर लागत पर मूल्यन किया गया है।

iv) नो कास्ट प्लस संविदा, जिनमें संविदा की शर्तों के अनुसार सभी सामग्रियों, अतिरिक्त पूर्जों एवं भंडार की लागत की धनवापसी नहीं होती होती है, का मूल्यन उपर्युक्त (क) के अनुसार मालसूची के रूप में किया गया है।

v) अवधि के दौरान किए गए लूज पूर्जों का उपयोग कर लिया गया है।

2.13 ऋण लागत

ऋण लागत में ब्याज एवं कम्पनी द्वारा निधियों की प्राप्ति के संबंध में व्यय की गई अन्य लागतें शामिल हैं। ऋण लागतों की सम्बद्धता प्रत्यक्ष रूप से किसी अधिग्रहण, निर्माण अथवा उत्पादन से होती है जो परिसम्पति की लागत के पूंजीयन के लिए आशित उद्देश्य से उपयोग अथवा बिक्री के लिए किसी निश्चित अवधि में पूर्ण अथवा निर्मित की जानी अपेक्षित होती है। अन्य सभी ऋण लागतों की स्वीकृति उनके व्यय के अनुसार लाभ एवं हानि विवरण में की गई है। ऋण लागतों में ऐसी विनिमय भिन्नता भी शामिल हैं जिन्हें ऋण लागतों के समायोजन के लिए उपयोग किया गया है।

2.14 कर्मचारी लाभ

वेतन, अल्पकालिक प्रतिपूर्ति छुट्टी एवं निष्पादन सम्बद्ध वेतन (पीआरपी) जैसे बारह माह की पूर्ण सेवा के पश्चात प्रदान किए जाने वाले लाभों का वर्गीकरण अल्पकालिक कर्मचारी लाभ के रूप में किया गया है तथा ऐसे लाभों की गैर-डिस्काउंटिड राशि को उस अवधि से

संबंधित लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया गया है जिन अवधियों में कर्मचारी द्वारा सम्बद्ध सेवाएं प्रदान की गई हैं।

ii) सेवानिवृत्ति पश्चात लाभ और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

सेवानिवृत्ति पश्चात लाभ और अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ धारक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं, क्योंकि ये कर्मचारी धारक कंपनी से प्रतिनियुक्ति पर आए हैं।

2.15 पट्टे

कम्पनी द्वारा संविदा के प्रारंभ में ऐसे मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या संविदा पट्टा, अथवा अंतर्विष्ट पट्टा, है अथवा नहीं है। इसका अर्थ है कि क्या संविदा में संज्ञान में ली गई परिसम्पति के संबंध में किसी अवधि में उपयोग के नियंत्रण का अधिकार प्रतिफल के विनिमय के प्रति उपलब्ध है।

1) पट्टेदार के रूप में कम्पनी

कम्पनी द्वारा अल्पकालिक पट्टों तथा न्यून मूल्य की परिसम्पतियों के पट्टों के अलावा सभी पट्टों के संबंध में एकल स्वीकृति एवं मापन विधि का उपयोग किया जाता है। कम्पनी पट्टा दायित्वों की स्वीकृति पट्टा भुगतानों तथा उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों के रूप में करती है जिससे अंतर्निहित परिसम्पतियां उपयोग अधिकार की प्रस्तुति करती हैं।

क) उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां

- कम्पनी उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की स्वीकृति पट्टा प्रारंभ होने की तिथि (अथवा वह तिथि जब अंतर्निहित परिसम्पति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है) के अनुसार करती है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पति का मापन किसी प्रकार के संचित मूल्यह्रास तथा क्षमता हानियों को घटाकर एवं पट्टा दायित्वों के किसी पुनःमापन में समायोजन करके लागत पर किया जाता है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की लागत में स्वीकृत पट्टा देयता क राशि, प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतें, एवं किसी प्रकार के प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर प्रारंभ तिथि को अथवा उससे पूर्व किए गए पट्टा भुगतान शामिल हैं। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों का मूल्यह्रास पट्टा काल को कम करके तथा परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

- यदि पट्टा की गई परिसम्पतियां पट्टा काल के अंत में कम्पनी को अंतरित की जाती है अथवा प्रस्तुत लागत में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य होता है तो मूल्यह्रास का आकलन परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

- उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां अक्षमता की शर्त पर भी होती है।

ख) पट्टा दायित्व

- कम्पनी द्वारा पट्टे की प्रारंभ तिथि को पट्टा काल के लिए चुकता किए जाने वाले पट्टा के वर्तमान मूल्य के अनुसार मापन किए गए पट्टा दायित्वों को स्वीकृति दी जाती है। पट्टा भुगतानों में किसी प्रकार के प्राप्य प्रोत्साहन घटाकर नियत भुगतान (सारभूत नियत भुगतान में शामिल), परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो सूचकांक अथवा किसी दर पर निर्भर हैं, तथा अवशेष मूल्य गारंटियों के अंतर्गत चुकता की जाने वाली संभावित राशियां शामिल है। पट्टा भुगतानों में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य भी शामिल होता है जिसका औचित्यपरक निश्चितता के साथ कम्पनी उपयोग कर सकती है, तथा पट्टों समाप्त करने, यदि पट्टा काल शर्तों में शास्तियों के भुगतान की व्यवस्था है, के विकल्प का उपयोग कर सकती है। व्यय के रूप में स्वीकृत किसी सूचकांक अथवा दर पर निर्भर न होने वाले परिवर्तनीय पट्टा भुगतान (यदि वे मालसूचियों के उत्पादन के लिए व्यय नहीं किए गए हैं) उनकी उत्पति की अवधि अथवा भुगतान किए जाने की स्थिति में किए जाते हैं।

- पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य का आकलन करते हुए कम्पनी पट्टा प्रारंभ तिथि से आवर्धित ऋण दर का उपयोग करती है क्योंकि पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर का सुगमता से निर्धारण नहीं किया जा सकता है। प्रारंभ तिथि के पश्चात पट्टा दायित्वों की राशि में ब्याज अभिवृद्धि की प्रस्तुति के लिए वृद्धि हो जाती है तथा किए गए पट्टा भुगतान कम हो जाते हैं। इसके अलावा, पट्टा दायित्वों के वहन मूल्य का पुनःमापन किसी प्रकार का संशोधन किए जाने, पट्टा काल में परिवर्तन किए जाने, पट्टा भुगतानों में परिवर्तन किए जाने (अर्थात पट्टा भुगतानों के निर्धारण के लिए प्रयुक्त किसी सूचकांक अथवा दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भावी भुगतानों में परिवर्तन) अथवा अंतर्निहित परिसम्पति के क्रय के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किए जाने की स्थिति में किया जाता है।

- कम्पनी के पट्टा दायित्वों को वित्तीय दायित्वों में शामिल किया जाता है।

ग) अल्पकालिक पट्टे तथा न्यून मूल्य वाली परिसम्पतियों के पट्टे

- कम्पनी द्वारा आवासीय परिसरों तथा कार्यालयों (अर्थात वे पट्टे जिनका पट्टा काल प्रारंभ की तिथि से 12 माह अथवा कम है तथा जो क्रय विकल्प के साथ नहीं हैं) के अपने अल्पकालिक पट्टा अनुबंधों में अल्पकालिक पट्टा स्वीकृति के लिए छूट का उपयोग किया जाता है। कम्पनी द्वारा कार्यालय उपकरणों, जो न्यून मूल्य के रूप में विचार में नहीं लिए गए हैं, के पट्टों के लिए पट्टे की न्यून मूल्य परिसम्पति छूट का उपयोग भी किया जाता है। अल्पकालिक पट्टों के पट्टा भुगतान तथा न्यून मूल्य परिसम्पतियों के पट्टों की स्वीकृति पट्टा काल के लिए सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में की जाती है।

- कम्पनी द्वारा पट्टा लेखांकन में किए समायोजन इंड एएस 116 के अनुसार किए गए हैं जो 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी है तथा सभी सम्बद्ध आंकड़ों का पुनःवर्गीकरण /पुनःसमूहन इंड एएस-116 की अपेक्षाओं के प्रभाव से किया गया है।

ii) पट्टाकार के रूप में कम्पनी

वे पट्टे जिनमें कम्पनी मुख्य रूप से परिसम्पति से संबद्ध सभी जोखिम तथा प्रतिफल अंतरित नहीं करती है उनका वर्गीकरण परिचालन पट्टे के रूप में किया गया है। पट्टे के काल की अवधि के लिए सीधी रेखा आधार पर लेखांकित पट्टे से उत्पन्न किराया को उसकी परिचालन प्रकृति के कारण राजस्व के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया गया है। परिचालन पट्टे के परक्रामण एवं व्यवस्थापन के दौरान व्यय की गई प्रत्यक्ष लागतें पट्टाकृत परिसम्पति की वहन राशि में जोड़ी गई हैं तथा उनकी स्वीकृति ब्याज आय के समान आधार पर पट्टा काल के लिए की गई है। आकस्मिक किरायों की स्वीकृति राजस्व के रूप में उनकी उत्पति होने पर की गई है।

2.16 चालू आय कर

- चालू आय कर एवं देयताओं का मापन सम्बद्ध कर विनियमों के अंतर्गत कराधान प्राधिकरणों से संभावित प्राप्य अथवा चुकता की जाने वाली राशियों के अनुसार किया गया है । चालू कर निर्धारण अवधि के लिए देय आय कर के संबंध में कर देयता के रूप में किया गया है तथा इसका आकलन सबंधित कर विनियमों के अनुसार किया गया है। चालू आय कर की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के ाहय स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाहय (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। चालू कर मदों की

स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है या इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है। प्रबंधन द्वारा आवधिक रूप से कर विवरणियों में अपनी उन स्थितियों के संबंध में आवधिक मूल्यांकन किए जाते हैं जिनके लिए लागू कर विनियम व्याख्या तथा यथा लागू स्थापित प्रावधानों के अध्याधीन हैं।

- चालू कर परिसम्पतियों एवं कर दाियित्वों का समंजन उन स्थितियों के लिए किया गया है जिनके संबंध में निकाय के पास समंजन का विधिक प्रवर्तनीय अधिकार है और उसकी मंशा निवल आधार पर उनका निपटान करने अथवा परिसम्पति की बिक्री करके एक साथ दायित्व का समाधान करने करने की है।

2.17 आस्थगित कर

- आस्थगित कर देयताओं की स्वीकृति परिसम्पतियों एवं देयताओं के कर आधारों तथा रिपोर्टिंग तिथि को वित्तीय रिपोर्टिंग के उद्देश्य से उनकी वहन राशियों के मध्य अस्थाई भिन्नताओं के संबंध में देयता विधि के उपयोग से की गई है।

- आस्थगित कर परिसम्पतियों का मापन उन कर दरों पर किया गया है जिनका उपयोग उस अवधि के लिए किया जाना संभावित है जब परिसम्पति का निपटान अथवा दायित्व का समाधान कर दरों के आधार (तथा कर विधियों) पर किया गया था जो प्रवर्तित हैं अथवा रिपोर्टिंग तिथि को प्रवर्तित किए गए हैं।

- आस्थगित कर परिसम्पतियों की स्वीकृति लाभ एवं हानि विवरण में की गई है जिसमें लाभ एवं हानि के बाह्य स्वीकृत की गई मदों को शामिल नहीं किया गया है तथा इन मदों की स्वीकृति लाभ एवं हानि से बाह्य (अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी में) की गई है। आस्थगित कर मदों की स्वीकृति सम्बद्ध संव्यवहार के संदर्भ में या तो अन्य व्यापक आय में की गई है अथवा इन्हें प्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में शामिल किया गया है।

- आस्थगित कर परिसम्पतियों एवं देयताओं का समंजन तब किया जाता है जब चालू कर परिसम्पतियों एवं देयताओं के समंजन के लिए प्रवर्तनीय विधिक अधिकार उपलब्ध हो तथा जब आस्थगित कर परिसम्पतियों के शेष समान कराधान प्राधिकरण से संबंधित हों।

- आस्थगित आयकर परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है ओर उस स्तर तक इसे कम किया जाता है जहां यह संभावना न रहे कि उपयोग की जाने वाली आस्थगित आयकर परिसंपत्ति या उसका भाग उपयुक्त कर लाभ के लिए उपलब्ध होगा। स्वीकृत न की गई आस्थगित कर परिसम्पतियों का पुनः मूल्यांकन प्रत्येक

रिपोर्टिंग तिथि को किया जाता है तथा इनकी स्वीकृति उस स्तर तक की जाती है जिस स्तर तक यह संभावना बनी रहे कि इससे प्राप्त भावी करयोग्य लाभ से आस्थगित कर परिसम्पतियों की वसूली की जा सकेगी।

2.18 प्रचालन सेगमेंट

प्रचालन सेगमेंट को इस रूप में रिपोर्ट किया जाता है जो मुख्य प्रचालन निर्णय निर्धारक (सीओडीएम) को उपलब्ध आंतरिक रिपोर्टिंग के अनुसार हो। तदनुसार, कंपनी ने भौगोलिक स्थल के आधार पर एक प्रचालनिक रिपोर्टिंग सेगमेंटों की पहचान की है।

2.19 प्रति शेयर आमदनी

प्रति शेयर मूल आमदनी निर्धारित करने के लिए, समूह इक्विटी शेयरधारकों के प्रति निवल लाभ पर विचार करता है। प्रति शेयर मूल आमदनी के परिकलन में प्रयुक्त शेयरों की संख्या उस अवधि के दौरान बकार्यों शेयरों की संख्या का औसत है।

प्रति श्ोयर विलयित आमदनियों के निर्धारण के लिए, इक्विटी शेयरधारकों के प्रति निवल लाभ ओर इस अवधि के दौरान बकार्यों शेयरों की औसत संख्या को सभी विलयित संभावित इक्विटी शेयरों के प्ररभाव के लिए समायोजित किया जाता है।

2.20 विदेशी मुद्राएं

(i) कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा

- वित्तीय विवरणों में शामिल मदों का मापन उस प्राथमिक आर्थिक परिवेश की मुद्रा में किया गया है जिसमें इकाई अपने परिचालन (''कार्यात्मक मुद्रा'') करती है। वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति भारतीय रूपए में की गई है जो कम्पनी की कार्यात्मक एवं उपयोग की मुद्रा भी है।

(ii) संव्यवहार एवं शेष

- विदेशी मुद्रा संव्यवहार कार्यात्मक मुद्रा में रिकार्ड किए गए हैं जिसके लिए संव्यवहार की तिथि के अनुसार कार्यात्मक मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के मध्य की विनिमय दर का उपयोग किया गया है।

- रिपोर्टिंग तिथि को बकाया विदेशी मुद्रा वाली मौद्रिक मदों को कार्यात्मक मुद्रा में क्लोजिंग दर (देयताओं के लिए क्लोजिंग बिक्री दर तथा परिसम्पतियों के लिए क्लोजिंग खरीद दर)

पर परिवर्तित किया गया है। विदेशी मुद्रा के मूल्य वर्ग वाली गैर-मौद्रिक मदों का वहन उनकी ऐतिहासिक लागत पर संव्यवहार की तिथि की विनिमय दर पर किया गया है।

- मौद्रिक मदों के समाधान से उत्पन्न विनिमय दर भिन्नताओं, अथवा रिपोर्टिंग तिथि को की गई पुनःप्रस्तुति, के अनुसार उन दर भिन्नताओं पर किया गया है जो प्रारंभ में रिकार्ड की गई थी तथा लाभ एवं हानि विवरण में इनकी स्वीकृति इनकी उत्पति की अवधि में की गई थी। इन विनिमय भिन्नताओं की लाभ एवं हानि में प्रस्तुति निवल आधार पर की गई है।

2.21 उचित मूल्य मापन

(i) कम्पनी द्वारा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्य पर मापन किया जाता है।

(ii) उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसम्पति को बेचने अथवा किसी देयता को अंतरित करने के लिए दिए जाने के लिए बाजार प्रतिभागियों के साथ मापन की तिथि को प्राप्त होता है। उचित मूल्य मापन ऐसे अनुमान पर आधारित है जो परिसम्पति को बेचने के संव्यवहार अथवा देयता का अंतरण करने के उद्देश्य से या तो:

क) उत्तम बाजार में परिसम्पतियों अथवा देयताओं के लिए; अथवा

ख) उत्तम बाजार न होने पर परिसम्पतियों एवं देयताओं के अत्यधिक लाभकारी बाजार में। उत्तम अथवा लाभकारी बाजार कम्पनी की पहुंच के दायरे में होना चाहिए।

(iii) किसी परिसम्पति अथवा देयता के उचित मूल्य का मापन बाजार प्रतिभागियों के ऐसे अनुमानों के अनुसार यह मानकर किया जाता है कि वे इसमें आर्थिक उत्तम हित में बाजार प्रतिभागी क्रिया कर रहे हैं।

